www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 85 || लखनऊ
गुरूवार
25 जून 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:14
सूर्यास्त: 07:03
अधिकतम: 40°00
न्यूनतम: 31°00




विशेष समाचार स्मार्टफोन संयमित उपयोग की ... >> पेज 04 | अलीगढ़ के लड़के ने नाम ... >> पेज 06 | शाम कौशल ने बताया किस पर...

## 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका, 21 का रेस्क्यू, सेना भी बचाव में जुटी

# कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम ढहा, 4 की हुई मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास निर्माणाधीन एक गोदाम का शेड अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य मजदूरों और कर्मचारियों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

प्रारंभिक सूचना में मृतकों की संख्या 5 बताई गई थी, लेकिन बाद में प्रशासन ने 4 लोगों की मौत की पुष्टि की। जानकारी के अनुसार, यह हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:07 बजे हुआ, जब निर्माणाधीन गोदाम में काम चल रहा था। अचानक भारी लोहे का शेड और उससे जुड़ा ढांचा ढह गया, जिससे वहां काम कर रहे कई मजदूर और कर्मचारी मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग, आपदा प्रबंधन टीम और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया। बचाव कार्य को तेज करने के लिए भारी क्रेन की व्यवस्था की गई है। मलबे में फैली लोहे की मोटी रॉड और ढांचे को हटाने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मलबे में दबे 21 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है। सभी घायलों को इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है। अभी भी 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका है।









स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त गोदाम में कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रेस्क्यू में कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, सिविल डिफेंस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज और सेना भी जुटी है।

- शेड और मलबे में 50-55 लोगों के दबे होने की आशंका है जिनको रेस्क्यू किया जा रहा है।
- शेड और गोदाम के मलबे में दबे लोगों को लोहे की पोल हट-कर ढूंढा जा रहा है।
- घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग और एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी।
- घटना दोपहर करीब 12:07 बजे की है जब निर्माणाधीन गोदाम का शेड अचानक गिर गया।

### मलबे में फंसे मजदूर बोला- मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया। मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- 'मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।

### सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक गोदाम की जमीन ओडिशा के व्यवसायी की थी जिन्होंने किसी प्रायवेट फर्म को इसे लीज पर दिया था।

### पिछले 10 सालों में निर्माण कार्य के दौरान हुए बड़े हादसे

- *मार्च 2024, कोलकाता: गार्डन रीच इलाके में पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 12 लोगों की मौत हुई थी। जांच में बिना मंजूरी निर्माण और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई थी।*
- *जुलाई 2023, ठाणे (महाराष्ट्र): निर्माणाधीन इमारत का स्लैब गिरने से 7 मजदूरों की मौत और कई घायल हुए थे।*
- *जून 2023, मुंबई: बांद्रा में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरने से कई मजदूर घायल हुए थे।*
- *सितंबर 2022, अहमदाबाद: निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा ढहने से मजदूर मलबे में दब गए थे।*
- *2016, कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर: निर्माणाधीन फ्लाईओवर गिरने से 27 लोगों की मौत हुई थी। यह पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े निर्माण हादसों में गिना जाता है।*

## मुंबई की लोकल ट्रेन में युवक की हत्या

मुंबई। मुंबई में मानसून की पहली बारिश के बीच लोकल ट्रेन में दरवाजा खुला रखने को लेकर हुए विवाद में एक यात्री ने दूसरे यात्री की जान ले ली। मृतक की पहचान 22 साल के मयंक लोहार के रूप में हुई है। आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घटना मंगलवार रात करीब 10:42 बजे अंधेरी और बोरीवली स्टेशन के बीच चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास डिब्बे में हुई। ट्रेन के बोरीवली स्टेशन पहुंचने से ठीक पहले आरोपी रोशन सुवर्णा चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था, जिसे बुधवार को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, ट्रेन अंधेरी स्टेशन पर पहुंची थी, तभी मयंक और रोशन सुवर्णा के बीच गेट खुला रखने को लेकर बहस शुरू हो गई। रोशन दरवाजा खुला रखना चाहता था।

## ईरान ने पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति को इज्जत दी : ट्रम्प

### ईरान बोला- इस्लामाबाद समझौता अमेरिका की हार, हमने अपनी शर्तों पर डील की

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि कई दशकों में पहली बार ईरान अमेरिका और उसके राष्ट्रपति को इतनी इज्जत दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान इस समय कमजोर स्थिति में है और समझौते के लिए लगभग हर शर्त मानने को तैयार है। दूसरी ओर, ईरान के संसद अध्यक्ष बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ 'इस्लामाबाद समझौता' आखिरकार अमेरिका की हार बन चुका है। अजरबैजान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दावा किया कि यह समझौता किसी दबाव या मजबूरी का नतीजा नहीं था, बल्कि हमने इसे अपनी शर्तों पर माना है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को




रुबियो ने अबू धाबी में UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने इसकी जानकारी दी। पिगॉट के मुताबिक, दोनों पक्षों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के साथ हुए MoU, होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के प्रयासों पर चर्चा की।

## बेंगलुरु में उद्योगपतियों को दिया निवेश का न्योता

# बीमारू टैग से बाहर निकला यूपी : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु। बेंगलुरु में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग-2026 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योग जगत के दिग्गजों के सामने नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर रखी। योगी ने कहा-आज यूपी सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड यानी 3S मॉडल पर आगे बढ़ रहा है। 9 साल पहले जिस यूपी की पहचान बीमारू राज्य के तौर पर होती थी, वही अब निवेश और उद्योग का बड़ा केंद्र बन रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



"सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी उद्योगों के लिए 3र मॉडल (सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड) के रूप में उभर रहा है। किसी भी इंडस्ट्री के विकास के लिए मजबूत कानून व्यवस्था, स्थिर माहौल और तेज फैसले जरूरी होते हैं। यूपी ने खुद को एक मजबूत रूल ऑफ लॉ वाले राज्य के रूप में स्थापित किया है। पारदर्शी शासन और निवेश के अनुकूल नीतियों से प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार हुआ है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना निदेशक शिशिर ने सूचना निदेशालय I के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी पत्रकार बंधुओं को प्रेस

**फास्ट न्यूज**

### बच्ची से रेप-हत्या, आरोपी को गोली मारी

नई दिल्ली। दिल्ली में 11 साल की बच्ची से रेप और उसकी हत्या का आरोपी मंगलवार रात पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस का दावा है कि उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। रोकने के लिए उसे पैर में गोली मार दी गई।

### एथेनॉल फ्यूल में चीटियां लगने का वीडियो फेक : सरकार

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एथेनॉल फ्यूल को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाना पूरी तरह से साइंटिफिक है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वाहन के फ्यूल टैंक के पास चींटियां दिखाई गई थीं। इस पर भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ईंधन ग्रेड एथेनॉल में कोई शर्करा (चीनी) नहीं होती।

### बेंगलुरु मेट्रो में तकनीकी खराबी, 5 घंटे बंद रही

बेंगलुरु। बेंगलुरु मेट्रो की पर्पल लाइन में आई तकनीकी खराबी के बाद कई यात्री घर तक जाने के लिए ट्रकों का इस्तेमाल करते दिखे। मंगलवार शाम को सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल हुए। यात्री ट्रक, कैब और ऑटो से घर पहुंचे। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, क्यूब्बन पार्क मेट्रो स्टेशन पर पर्पल लाइन की एक ट्रेन में तकनीकी खराबी आई, जिसकी वजह से पूरी पर्पल लाइन को बंद करना पड़ा।

## हिमाचल में एचआरटीसी कर्मियों की हड़ताल टली

### सरकार ने ड्राइवर-कंडक्टरों की कई मांगें मानी

**35 करोड़ के वित्तीय लाभ देने का भरोसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के HRTC ड्राइवर-कंडक्टर अब हड़ताल पर नहीं जाएंगे। HRTC कर्मचारियों की आज शाम के वक्त सचिवालय शिमला में एडिश्नल चीफ सेक्रेटरी (ACS) परिवहन के साथ सवा दो घंटे चली मीटिंग में सहमति बनने के बाद हड़ताल स्थगित की गई। ACS परिवहन आरडी नजीम ने HRTC कर्मचारियों की अधिकांश मांगे पूरी करने का भरोसा दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने आज रात 12 बजे से प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- ड्राइवर भर्ती का रजिस्ट्रेशन करते हुए बेरोजगार युवा।
- मंडी में टेम्परेरी ड्राइवर भर्ती को पहुंचे युवा।

# मानसून एमपी पहुंचा, 9 दिन लेट एंट्री

### 4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा, मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। वहीं, मंगलवार को मुंबई में 13 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद से मुंबई में तेज बारिश जारी है। मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक मलवणी फायर स्टेशन में 334mm और



एफ/साउथ वार्ड में 328mm बारिश हुई। 27 इलाकों में 200mm से 300mm के बीच बारिश हुई। मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### अगले 2 दिन के मौसम का हाल

**25 जून:**
असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।
मानसून के कारण सिक्किम, कोंकण-गोवा, तेलंगाना और तटीय कर्नाटक में भारी बारिश होगी।
आंध्र प्रदेश, मराठवाड़ा, झारखंड, ओडिशा में भी तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।
मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश और विदर्भ में लगातार तीसरे दिन हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है।



**26 जून:**
असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल व सिक्किम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी।
सिक्किम, कोंकण-गोवा, तेलंगाना और तटीय कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है।
आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा में भी तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है।
मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश और विदर्भ में लगातार चौथे दिन हीटवेव का अलर्ट जारी है।



### देश के 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

**बयान :** राम में ताकत होती तो चोर भस्म हो जाते, आंख बंदकर किसी बात का भरोसा मत करो

# छोटा-सा बंदर सूरज को कैसे निगल गया : स्वामी

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजीपुर। यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बड़ा बयान दिया है। गाजीपुर में मंगलवार को उन्होंने कहा- अगर भगवान राम में ताकत होती, तो जिस समय लुटेरे ने चोरी की, तभी वो भस्म हो जाता। लेकिन, उस चोर का बाल भी बांका नहीं हुआ। इतना ही नहीं, पृथ्वी पर पैदा होने वाला छोटा-सा बंदर सूर्य भगवान को निगल गया। यही अज्ञानता खत्म करने के लिए हम पढ़ाई करते हैं? भगवान बुद्ध कहते हैं कि कोई भी बात किसी ग्रंथ में लिखी है, इसीलिए नहीं मानो। पहले उसे अपने दिमाग की कसौटी पर कसो। अगर खरा उतरे, तभी मानो। उनके इस बयान का वीडियो बुधवार



को सामने आया। यह सवाल उठता है। स्वामी प्रसाद ने कहा- हनुमानजी पृथ्वी पर पैदा हुए। भगवान राम भी अयोध्या में पैदा हुए। जमीन पर रहने वाले राजा का कोई सेवक है, तो वह भी जमीन पर ही रहेगा। पृथ्वी से 13 लाख गुना बड़ा सूर्य है। इस पृथ्वी पर पैदा होने वाला छोटा-सा बंदर सूर्य भगवान को निगल गया। यही अज्ञानता है। लेकिन, कोई कहता है कि हनुमानजी सूर्य को निगल गए, तो हमारे लोग कहते हैं।

**स्वामी ने कहा- राम मंदिर से लोग करोड़ों रुपए लुटेरे लूट ले गए। चांदी-सोना भी उड़ा ले गए। लेकिन, भगवान राम उन लुटेरों को सजा नहीं दे पाए, तो आपका भला क्या करेंगे? जो अपने मंदिर की रक्षा नहीं कर सकता, वह आपकी क्या रक्षा करेगा?**

### 80 करोड़ की जिंदगी 5-10 किलो चावल पर चल रही

भारत आज बदहाल है। 140 में से 80 करोड़ लोगों की जिंदगी 5-10 किलो चावल पर चलती है। क्या ये 80 करोड़ अपने बेटे-बेटी को विश्वविद्यालय में पढ़ाने का सपना कभी देख पाएगा? स्वाभिक रूप में सत्ता में बैठे में लोग इस देश के गरीबों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश कर रहे हैं।

### कौन हैं स्वामी प्रसाद मौर्य

स्वामी प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष हैं। 5 बार विधायक रहे चुके हैं। 4 बार यूपी में मंत्री रहे हैं। वह योगी सरकार 1.0 में मंत्री थे। 2022 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंत्री पद से इस्तीफा देकर सपा में गए थे।

सपा ने विधानसभा चुनाव में उन्हें कुशीनगर की फाजिलनगर सीट से प्रत्याशी बनाया, लेकिन चुनाव हार गए।

2 साल पहले उन्होंने सपा छोड़ दी थी। इससे पहले बसपा भी अहम पदों पर रह चुके हैं। राजनीति के शुरुआती दिनों में लोकदल और जनता दल में भी स्वामी प्रसाद मौर्य रहे हैं।

## शिवसेना उद्धव गुट को संसद में ऑफिस खाली करना होगा

### टूट के बाद सांसदों की संख्या 5 से कम हुई

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। शिवसेना (UBT) को संसद भवन में अपना मौजूदा ऑफिस खाली करना पड़ सकता है। संसद भवन के नियमों के मुताबिक, सिर्फ 5 या उससे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी को संसद भवन में ऑफिस मिल सकता है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे ही छह सांसदों के शिंदे गुट में विलय को औपचारिक मान्यता दे देते हैं। UBT के पास सिर्फ 4 सांसद (3 लोकसभा और 1 राज्यसभा) रह जाएंगे। ऐसे में संसद भवन में उन्हें अपना मौजूदा ऑफिस (128A ) खाली करना पड़ सकता है। पार्टी के दो लोकसभा सांसद अनिल देसाई और अरविंद सावंत बुधवार शाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने स्पीकर



साहब से कहा कि अगर कोई आपके पास बागी गुट का पत्र आया है तो हमें बताएं। पर अभी ऐसा कुछ नहीं आया है और हमें कागज नहीं मिला। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में 22 जून को बगावत हो गई थी। लोकसभा के कुल 9 में से 6 सांसद पार्टी से अलग होकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए थे। शिंदे के साथ सभी 6 सांसदों ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टूट का ऐलान किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 'सेवा से समृद्धि' क्षेत्रीय कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के दो सीएससी-वीएलई राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

# वीएलई ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुशासन के वास्तविक वाहक

**लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह एवं सोनभद्र के संतोष कुमार को मिला उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान**

**आयोजन**

**पंचायत-आधारित डिजिटल सेवा वितरण को सशक्त बनाने पर श्रीनगर में हुआ मंथन**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत-आधारित डिजिटल सेवा वितरण को सुदृढ़ बनाने तथा अंतिम छोर तक नागरिक सेवाओं की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) एवं कॉमन सर्विस सेंटर स्पेशल पर्पस व्हीकल (CSC-SPV), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 23 जून, 2026 को श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में "सेवा से समृद्धि : पंचायत-आधारित सेवा वितरण (Seva Se Samriddhi: Panchayat-led Service



Delivery)" विषय पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जावेद अहमद डार, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज, सीएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) प्रवीण चंदेकर, संयुक्त सचिव पलका साहनी तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जम्मू-कश्मीर के सचिव मोहम्मद एजाज असद सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर उपस्थित रहे। डॉ. रंजना सिंह ने अपने CSC केंद्र के



कार्यशाला में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए पंचायत आधारित सेवा वितरण के नवाचारों, डिजिटल गवर्नेंस, नागरिक सहभागिता तथा सुशासन के प्रभावी मॉडलों पर विचार-विमर्श किया। तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चाओं एवं अनुभव-साझाकरण के माध्यम से विभिन्न राज्यों की सफल कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान किया गया।

माध्यम से महिला सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने हजारों महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं से जोड़ा तथा दो हज़ार से अधिक स्वयं सहायता समूह (SHG) की

**कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट डिजिटल सेवा प्रदान करने वाले कॉमन सर्विस सेंटरों एवं विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश से लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह एवं जनपद सोनभद्र के संतोष कुमार को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं जनसेवा के लिए सम्मानित किया गया।**

महिलाओं को आजीविका एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से ABHA कार्ड एवं आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए हैं।

## 'प्रभु श्री राम के मंदिर में हुए घोटालों का सच एसआईटी के सामने लाऊंगा'

तमसा संकेत, संवाददाता

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज एक वीडियो संदेश जारी कर भगवान श्री राम के भक्तों, देश की जनता और मीडिया को एक अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि कल यानी 25 जून को सुबह 11:00 बजे वे लखनऊ के मंडलायुक्त (कमिश्नर), जो कि इस मामले की जांच कर रही एसआईटी (SIT) के अध्यक्ष भी हैं, उनसे मुलाकात करेंगे। जांच के लिए माँगा था समयः संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वयं लखनऊ मंडलायुक्त से मुलाकात का समय माँगा था, जिसके बाद कल सुबह 11:00 बजे उन्हें उनके कार्यालय में बुलाया गया है। भ्रष्टाचार के सबूत सौंपेंगेः उन्होंने स्पष्ट किया कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर से संबंधित चढ़ावे की चोरी, चंदे में हुई हेराफेरी और बड़े पैमाने पर हुए ज़मीन घोटाले की जांच एसआईटी कर रही है।

पुख्ता दस्तावेज़ों का दावाः संजय



**कल लखनऊ कमिश्नर से मिलकर सौंपूंगा सारे पुख्ता दस्तावेज़ - संजय सिंह**

सिंह के अनुसार, ज़मीन घोटाले और मंदिर से जुड़े अन्य भ्रष्टाचारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण और पुख्ता दस्तावेज़ उनके पास मौजूद हैं। वे इन सभी कागज़ातों को कल व्यक्तिगत रूप से एसआईटी अध्यक्ष को सौंपेंगे ताकि सच सामने आ सके। संजय सिंह ने कहा कि वे प्रभु श्री राम के नाम पर किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं।

**फास्ट न्यूज**

### बार के बाहर 5 राउंड फायरिंग

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड थानाक्षेत्र के विराजखंड में मिनिस्ट्री ऑफ बीयर बार के बाहर पार्किंग को लेकर दो पक्ष में विवाद हो गया है। विवाद के दौरान एक युवक ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से पांच राउंड फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी की ओर से किया गया काम बेहद खतरनाक था। इससे लोगों की जान को खतरा पैदा हो सकता था।

### इस्लाम छोड़ने वाले जितेंद्र त्यागी को मिली धमकी

लखनऊ । इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपनाने वाले जितेंद्र नारायण सिंह सेंगर उर्फ सैयद वसीम रिजवी ने एक युवक पर सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई है। उन्होंने इसकी सहादतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। तुलसीदास मार्ग नक्खास निवासी जितेंद्र नारायण सिंह सेंगर उर्फ सैयद वसीम रिजवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हसनपुरिया निवासी शादाब मिर्जा उर्फ बतिष्ठा ने 13 जून को अपने फेसबुक अकाउंट से उनका पुराना वीडियो एडिट कर पोस्ट किया।

### एफडी घोटाले पर तीसरे दिन भी हंगामा

दुबग्गा। लखनऊ के मोहन रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में कथित करोड़ों रुपए के एफडी घोटाले को लेकर खाताधारकों का विरोध प्रदर्शन बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में पीड़ित बैंक पहुंचे और जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जिससे शाखा का कामकाज प्रभावित रहा।

## राजकीय व अनुदानित पॉलीटेक्निकों में बने सहायता केंद्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) की ऑनलाइन काउंसलिंग 25 जून, 2026 से प्रदेश स्तर पर प्रारंभ की जा रही है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश की कुल 365 पॉलीटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। इनमें 156 राजकीय (Government), 18 अनुदानित (Aided), 29 पी.पी.पी. (PPP) मॉडल एवं 162 निजी (Private) क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाएं सम्मिलित हैं, जिनकी कुल प्रवेश क्षमता 1,20,984 है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से घोषित परिणाम में अर्ह (Qualified) पाए गए अभ्यर्थी इस ऑनलाइन काउंसलिंग

- **25 जून, 2026 से डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरु**
- **365 पॉलीटेक्निक संस्थाओं की 1,20,984 सीटों पर मिलेगा प्रवेश, फार्मेसी पाठ्यक्रम शामिल नहीं**

प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र हैं। समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे समय सारणी के अनुसार काउंसलिंग पोर्टल jeecup.admissions.nic.in पर जाकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। मनपसंद संस्थान और पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अभ्यर्थी पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में विकल्पों (Choices) का चयन करें।

## निजी फर्म में 2020 में इंटरनल ऑडिट किया था, मैनेजमेंट को 'बेहद गैर-पेशेवर' बताया था

# चेतावनी के बाद भी श्रीराममंदिर ट्रस्ट ने नहीं बनाई एसओपी



मामले में गठित SIT ने मंगलवार को राज्य के अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी।



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सुर्खियों में है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट बनने के कुछ ही महीनों बाद एक प्राइवेट ऑडिट फर्म ने इसकी मैनेजमेंट को 'बेहद गैर-पेशेवर' (अनप्रोफेशनल) बताया था। फर्म ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा था कि मंदिर को मिलने वाले चंदे का कोई व्यवस्थित रिकॉर्ड ही नहीं रखा जा रहा है। मैनेजमेंट सुधारने के लिए 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेस' (SOP) बनाने को भी कहा गया था, लेकिन उस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी लापरवाही के चलते अब ट्रस्ट पर चंदे में हेराफेरी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। इस पूरे मामले में एक स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (SIT) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

### ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य के कहने पर हुआ था ऑडिट

इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक ट्रस्ट के गठन के बाद 2020 में एक वरिष्ठ सदस्य के कहने पर निजी ऑडिट फर्म ने इंटरनल ऑडिट और रिस्क मैनेजमेंट रिपोर्ट तैयार की थी। इसमें कहा गया था कि मंदिर परिसर की जिम्मेदारी संभाल रहे ट्रस्ट मैनेजमेंट का ढांचा तय नहीं है। फाइनेंशियल रिपोर्टिंग के लिए कोई सिस्टमैटिक रिकॉर्ड नहीं है। ट्रांजेक्शन, डेटा मैनेजमेंट और स्टाफ पर कोई प्रभावी नियंत्रण भी नहीं है। गैर-पेशेवर स्टाफ और डेटा मैनेजमेंट से गलत रिपोर्टिंग का खतरा बढ़ सकता है।

**ऑडिट फर्म ने फंड मैनेजमेंट, गहनों का स्टॉक रजिस्टर, एचआर विभाग, बैंक रिकॉन्सिलिएशन, आईटी डेटा सुरक्षा और डेटा चोरी के जोखिम पर गंभीर चिंता जताई थी। फर्म ने साफ कहा था कि गहनों आदि के लिए सही स्टॉक रजिस्टर बनाकर रखा जाए, लेकिन यह नहीं किया गया।**

### ट्रस्ट की वेबसाइट पर भी एसओपी का जिक्र नहीं

ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर यह इंटरनल ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है और ही किसी तरह ही SOP का कोई जिक्र है। 5 फरवरी, 2020 को ट्रस्ट के गठन के बाद से नवंबर, 2025 तक ट्रस्ट को 4575 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद दान मिल चुका है। इसके अलावा सोने-चांदी के गहनों और समेत अन्य कीमती धातुओं के रूप में भी भारी दान मिला है।

## डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में गेहूं खरीद का कार्य सफलतापूर्वक हुआ है

# डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने केंद्र के समक्ष रखे अहम मुद्दे

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी जी से मिलकर किसानों और खाद्यान्न खरीद व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों के खाद्यान्न खरीद प्रस्तावों पर केंद्र सरकार की कुछ स्वीकृतियां अभी तक नहीं मिली हैं, जिससे मंडी समितियों और अन्य संस्थाओं के भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा मक्का और बाजरा खरीद के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए लगभग 118 करोड़ रुपये के सब्सिडी दावे का भुगतान भी लंबित है। मंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय



खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत परिवहन, हैंडलिंग और अन्य मदों के लिए राज्य सरकार द्वारा भेजे गए 632 करोड़ रुपये से अधिक के दावे का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में गेहूं खरीद का कार्य सफलतापूर्वक हुआ है। कुल खरीदे गए गेहूं का लगभग 72 प्रतिशत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को सौंपा जा चुका है, जबकि शेष गेहूं के भंडारण और उठान के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि प्रयागराज, अयोध्या, झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, उन्नाव, चंदौली, बहराइच सहित



**डॉ. पाण्डेय ने केंद्रीय मंत्री से राज्य के लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान करने, भंडारण क्षमता बढ़ाने तथा मक्का खरीद का लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध किया है।**

कई जिलों में एफसीआई की भंडारण क्षमता पर्याप्त नहीं है। ऐसे में अतिरिक्त गोदाम उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि धान खरीद के बाद कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) के निस्तारण में प्रदेश ने लगभग 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।मक्का खरीद के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीद शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार ने 25 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि किसानों की उपज अधिक मात्रा में खरीद केंद्रों पर आती है, तो राज्य सरकार लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध करेगी ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके।

### लखनऊ में रोड एक्सीडेंट में बाइक सवार युवक की मौत

सरोजनी नगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर आगे खड़ी डीसीएम से जा टकराया। मृतक की पहचान बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर निवासी बलदेव उर्फ शिवम (22) के रूप में हुई है। बलदेव मजदूरी करता था। बुधवार दोपहर करीब 11:30 बजे वह सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित कानपुर रोड की ओर से किसान पथ होते हुए अपनी बाइक से घर लौट रहा था। गांव के पास किसान पथ पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बलदेव की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर खड़ी एक डीसीएम से जा भिड़ा। इस हादसे में बलदेव की मौके पर ही मौत हो गई।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में धरना दे रहा युवक बेहोश होकर गिरा



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले 22 दिनों से छात्रों का धरना जारी है। बुधवार को धरना दे रहे छात्र प्रेम प्रकाश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर गया। बेहोशी की हालत में साथी छात्रों ने उन्हें तत्काल बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल छात्र की हालत स्थिर है।

छात्रों का आरोप है कि घटना के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में एंबुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद

**छात्र बोले- कैंपस में एंबुलेंस होने के बावजूद नहीं मिली मदद**

प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं दी गई। उनका कहना है कि प्रेम प्रकाश को अस्पताल ले जाने के लिए उन्हें खुद व्यवस्था करनी पड़ी, जबकि कैंपस में दो एंबुलेंस मौजूद थीं। प्रेम प्रकाश की तबीयत बिगड़ने के बाद आंदोलनकारी छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया और कहा कि छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। वहीं, इस घटना के बाद परिसर में छात्रों के बीच चिंता का माहौल है।

तीन छात्रों के निष्कासन के विरोध में छात्रों का एक समूह 2 जून से विश्वविद्यालय परिसर में सरस्वती प्रतिमा के सामने लगातार धरना दे रहा है। छात्रों का कहना है कि उनकी मांगों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

**कार्रवाई :** छात्र बोले- अग्निकांड से मन में डर बैठा, 15 जान लेने वाली बिल्डिंग पर चलेगा बुलडोजर

# एलन-ग्रेविटी जैसी 12 बड़ी कोचिंग सील

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । अवैध इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को विकास प्राधिकरण (LDA) और फायर डिपार्टमेंट की टीम ने 12 कोचिंग और लाइब्रेरी सील कर दी। इनमें कृष्णानगर और हजरतगंज में एलन, कपूरथला में ग्रेविटी अलीगंज में आकाश और गवर्नमेंट एग्जाम वाला और पैरामाउंट जैसे बड़े कोचिंग संस्थान शामिल हैं।

इस बीच, कई कोचिंग और लाइब्रेरी संचालक अपना-अपना सेंटर बंद करके भाग गए। बच्चे सड़कों पर घूमते नजर आए। नेशनल पीजी के छात्र आशंकित ने कहा- मुझे कोचिंग में एडमिशन लेना है। लेकिन, आग की घटना ने मन में डर पैदा कर दिया है। इसके पहले प्राधिकरण ने जिस इमारत में आग लगी थी, वहां नोटिस चिपकाया। वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि 7 जुलाई को बिल्डिंग तोड़ी जाएगी।




### अलीगंज में आकाश कोचिंग सील

अलीगंज में आकाश कोचिंग को सील कर दिया गया। जांच के दौरान संस्थान में छात्र पढ़ाई कर रहे थे। फायर एनओसी और सुरक्षा मानकों में गंभीर खामियां मिलने पर प्रशासन ने कोचिंग को सील कर दिया। इसके बाद अभिभावकों को बुलाकर छात्रों को सुरक्षित घर भेजा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### 16 कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी सील

प्रवर्तन जोन-2 के अंतर्गत कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए संचालित कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

एलडीए की टीम ने क्षेत्र में संचालित 16 कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी के विरुद्ध धारा 27(1) के तहत कार्रवाई प्रस्तावित करते हुए सभी परिसरों को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित संचालक एलडीए अधिकारियों को भवनों का स्वीकृत मानचित्र उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद प्रवर्तन टीम ने मौके पर सीलिंग की कार्रवाई की।




कपूरथला में LDA टीम पहुंचने से पहले कोचिंग बंद करके संचालक भाग गया। टीम ने कोचिंग सील कर दी।

बिल्डिंग रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक वीरेंद्र शुक्ला की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# प्राचार्य राजकुमार यादव की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विपणन विकास सहायता (एस.सी.एस.पी.) योजनान्तर्गत 24 जून, 2026 को आईटीआई कॉलेज, अलीगंज, लखनऊ में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ के प्राचार्य राजकुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इसमें सहायक आयुक्त उद्योग विमल कुमार सिंह, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, लखनऊ मण्डल पी.एन. सिंह, एडीओ समाज कल्याण विवेक श्रीवास्तव, एफआई पूनम, एफआई शिवचन्द राम, एफआई एस.पी. निगम एवं जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यालय लखनऊ के हेमन्त कुमार सिंह उपस्थित रहे। एक





दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना उद्योग स्थापित करने के सम्बन्ध में प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं का पम्पलेट व स्टेशनरी भी उपलब्ध करायी गयी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, लखनऊ अवधेश कुमार गौतम द्वारा किया गया। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी।

# सीतापुर में 80 हजार नकद समेत लाखों का सामान जल गया

# गैस सिलेंडर की पाइप फटने से घर में लगी आग

हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी



सीतापुर। जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजनपुर में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। गैस पाइप फटने से एक घर में भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की इस घटना में घर में रखा करीब 80 हजार रुपये नकद, कपड़े, अनाज, फर्नीचर, बर्तन तथा अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। हादसे से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर और छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। घर के अंदर रखा सामान बचाने का परिवार को मौका तक नहीं मिल सका। घर से उठती आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने बाल्टियों, पानी के टैंकों और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

### शादी के बाद नए मकान की तैयारी कर रहा था परिवार

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामशरण के परिवार में हाल ही में शादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। शादी के बाद परिवार नए मकान के निर्माण की तैयारी में जुटा था। इसके लिए रामशरण ने करीब 80 हजार रुपये नकद घर में सुरक्षित रखे थे। बुधवार दोपहर करीब दो बजे अचानक गैस पाइप फट गया, जिससे घर में आग लग गई।

### मौके पर पहुंची राजस्व टीम

घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया गया है कि जांच रिपोर्ट तैयार कर शासन की ओर से मिलने वाली सहायता नियमानु-सार उपलब्ध कराई जाएगी।



### नकदी समेत जरूरी सामान हुआ नष्ट

पीड़ित रामशरण ने बताया कि मकान निर्माण के लिए रखे गए 80 हजार रुपये पूरी तरह जल गए हैं। इसके अलावा कपड़े, अनाज, बर्तन, फर्नीचर और कुछ आभूषण भी आग की भेंट चढ़ गए। घटना के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। रामशरण ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि परिवार को इस कठिन परिस्थिति से उबरने में मदद मिल सके।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से बुजुर्ग की मौत

बाराबंकी। बाराबंकी के जहांगीरा-बाद थाना क्षेत्र के बनवा गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान 50 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के बाद बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर मौके से फरार हो गया। कबीरपुर गांव निवासी रामानंद (50) पुत्र रामचंद्र को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए बनवा गांव स्थित कथित डॉक्टर लाल मोहम्मद के पास ले गए। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज को ग्लूकोज चढ़ाने के साथ दो इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगने और ग्लूकोज चढ़ने के कुछ ही देर बाद रामानंद की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनके मुंह से झाग निकलने लगा और देखते ही देखते उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रामानंद की मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# नगर पंचायत बंकी की अभिनव पहल

### चायपत्ती और अंडों के छिलकों से बन रही जैविक खाद

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। नगर पंचायत बंकी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की है। यहां चाय की दुकानों से निकलने वाली प्रयुक्त चायपत्ती और अंडों के छिलकों से जैविक खाद तैयार की जा रही है। इस नवाचार से कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण हो रहा है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आय सृजन को भी बढ़ावा मिल रहा है। नगर पंचायत द्वारा चाय की दुकानों से जैविक कचरा एकत्र किया जाता है। इसे एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर में संसाधित कर उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद बनाई जा रही है। यह पहल 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपदा बनाने की अवधारणा को साकार करती है। नगर पंचायत की



अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें इस परियोजना की जानकारी दी। उन्होंने जिलाधिकारी को तैयार जैविक खाद का एक पैकेट भी भेंट किया। जिलाधिकारी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय निकायों के लिए आय के नए स्रोत विकसित करने में सहायक होगी।

फास्ट न्यूज

### उन्नाव में 21 महिला पुलिसकर्मियों का तबादला

उन्नाव। उन्नाव पुलिस विभाग में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा जारी आदेश के तहत जिले की 21 महिला पुलिसकर्मियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया है। यह आदेश बुधवार को पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह द्वारा जारी किया गया। इसमें संबंधित महिला कर्मियों को उनके नाम के सामने अंकित नए थानों में तैनाती दी गई है।

### 15 हजार का इनामी चोर एनकाउंटर में गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा में फरह पुलिस और एंटी रिवार्डिड टीम ने मंगलवार देर रात 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश श्याम सिंह को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम परखम गौशाला के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान थाना फरह से वांछित श्याम सिंह पुत्र पोहप सिंह उर्फ कोक सिंह वहां से गुजरता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा।

### सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में डीएम सख्त

उन्नाव। उन्नाव के जिलाधिकारी घनश्याम ने बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और योजनाओं में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति खराब पाई गई।

# मानक-विहीन होटल और कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई

### 3 लाइब्रेरी, 1 कंप्यूटर इंस्टिट्यूट समेत 5 संस्थान सीज, बिजली कनेक्शन कटे

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में जिला प्रशासन ने मानक-विहीन संचालित हो रहे एक होटल और चार कोचिंग/लाइब्रेरी पर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले इन पांचों प्रतिष्ठानों को सीज कर दिया गया।

यह कार्रवाई लखनऊ में हाल ही में हुए अग्निकांड के बाद प्रशासन की सतर्कता का हिस्सा है। होटल छोड़कर सभी संस्थानों में पहले से ताले लटक रहे थे। हालांकि, मंगलवार को इन सभी जगहों पर अग्निशमन विभाग की टीम निरीक्षण कर चुकी थी। जिसमें सभी जगह घोर कमियां पाई गई थीं। कार्रवाई के दौरान सीज



किए गए सभी पांचों संस्थानों के बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से शहर के कोचिंग संचालकों और व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। पावर कॉरपोरे-शन की टीम भी इस पूरी प्रक्रिया में मौजूद रही। जिन संस्थानों पर यह कार्रवाई की गई है, उनमें डीएम चौराहे के पास स्थित एसएस लाइब्रेरी और फर्थरेंस लाइब्रेरी, पिहानी चुंगी स्थित महादेव लाइब्रेरी, जिन्दपीर चौराहा स्थित विशाल कंप्यूटर इंस्टीट्यूट और रेलवेगंज स्थित होटल दीप शामिल हैं। जांच में पाया गया कि होटल दीप को छोड़कर 3 कोचिंग संस्थान बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित हो रहे थे। 1 फर्स्ट फ्लोर पर संचालित था, लेकिन वहां अग्निशमन विभाग की ओर से जारी मानक पूरे नहीं मिले। अग्निशमन विभाग के निरीक्षण में ज्यादातर संस्थान आवासीय भवनों में बिना अनुमति के व्यावसायिक गतिविधियों में लिप्त थे। मंगलवार को अग्निशमन विभाग के औचक निरीक्षण में इन जगहों पर भारी अनियमितताएं सामने आई थीं, जिनमें आपातकालीन निकास द्वार और आग बुझाने के पर्याप्त इंतजामों का अभाव प्रमुख था।

### चारबाग स्टेशन पर काम के चलते 9 जोड़ी ट्रेनों का संचालन प्रभावित

# रेल यात्रियों को झटका

इस बदलाव से हरदोई सहित आसपास के क्षेत्रों से रोजाना लखनऊ आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। लखनऊ मंडल के अंतर्गत लखनऊ जंक्शन और चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित रेल संरक्षा एवं विकास कार्यों के कारण हरदोई होकर गुजरने वाली नौ जोड़ी ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, 24 जून से 13 सितंबर तक इन ट्रेनों को या तो परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा या उनका संचालन लखनऊ चारबाग स्टेशन के बजाय आलमन-गर तक सीमित रहेगा। इनमें बड़ी संख्या में छात्र, नौकरीपेशा लोग और व्यापारी शामिल हैं, जो नियमित रूप से लखनऊ तक रेल यात्रा करते हैं। चारबाग स्टेशन तक ट्रेनों के न पहुंचने से उन्हें अतिरिक्त परिवहन साधनों का सहारा लेना पड़ेगा। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 54337-38 लखनऊ-शाहजहांपुर-लखनऊ पैसेंजर और 54331-32 लखनऊ-बालामऊ-





लखनऊ पैसेंजर का संचालन निर्धारित अवधि में केवल आलमनगर तक किया जाएगा। इन ट्रेनों की वापसी यात्रा भी आलमनगर से ही शुरू होगी। इसके अतिरिक्त, कई एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं। इनमें 14307-08 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस, 14241-42 नौचंदी एक्सप्रेस, 15073-74 एवं 15075-76 त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15127-28 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और 15119-20 जनता एक्सप्रेस शामिल हैं। ये ट्रेनें अब लखनऊ चारबाग स्टेशन पर प्रवेश किए बिना आलम-नगर, ट्रांसपोर्ट नगर और उतरेटिया के रास्ते संचालित होंगी। इसी क्रम में, 14229 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस और 14230 योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। 14229 एक्सप्रेस 25 जून से 13 सितंबर तक उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर मार्ग से, जबकि 14230 एक्सप्रेस 24 जून से 11 सितंबर तक आलम-नगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया मार्ग से चलाई जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था स्टेशन क्षेत्र में चल रहे आवश्यक तकनीकी और आधारभूत ढांचा संबंधी कार्यों को सुरक्षित ढंग से पूरा करने के लिए की गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति और मार्ग की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## अधिवक्ताओं ने ई-रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल का विरोध किया

### राज्यमंत्री रजनी तिवारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था वापस लेने की मांग की

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में शाहाबाद बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टांप वेंडरों सहित अन्य संबंधित वर्गों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार, 24 जून 2026 को राज्यमंत्री रजनी तिवारी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनि-धिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन राज्यमंत्री को सौंपा। इसमें महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश द्वारा 4 जून 2026 को जारी पत्र संख्या 2523/4 के तहत प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल का कड़ा विरोध किया गया। अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू होने से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। साथ ही, निजी एजेंसियों की भूमिका बढ़ने से पारदर्शिता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यह



नई प्रणाली भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को बढ़ावा देगी, जिससे अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक, स्टांप विक्रेता और संबंधित छोटे व्यवसायी वर्ग की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा ने स्पष्ट मांग की कि प्रस्तावित ई-पंजीकरण मॉड्यूल को तत्काल वापस लिया जाए। इसके अतिरिक्त, उपनिबंधक कार्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की भी मांग की गई। उन्होंने वर्तमान निबंधन प्रक्रिया को पूर्ववत बनाए रखने और संपत्ति बिक्री से जुड़े नियमों में व्यावहारिक संशोधन की भी अपील की।

# गंगा दशहरा पर मथुरा के यमुना घाटों पर उमड़ी भीड़

### श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई पुण्य की डुबकी

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। गंगा दशहरा के अवसर पर बुधवार को मथुरा के यमुना घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही बड़ी संख्या में लोग यमुना में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचने लगे। विशेष रूप से प्रसिद्ध विश्राम घाट पर मथुरा और आसपास के जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु आए। श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है।



इस वर्ष अधिक मास के कारण गंगा दशहरा का पर्व दो बार मनाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने यमुना घाटों पर व्यापक व्यवस्थाएं कीं। घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ चेंजिंग रूम भी बनाए गए। महिलाओं के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर घाटों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए घाटों पर बैरिकेडिंग की गई और गोताखोरों की टीमें भी तैनात की गईं। गोताखोरों को स्टीमर और नावों के माध्यम से लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व के कारण नगर निगम कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। सभी संबंधित विभागों के कर्मचारी घाटों पर मौजूद हैं और व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कांग्रेस का राम मंदिर दान प्रकरण पर प्रदर्शन

### डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़े कथित घोटाले के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर और मथुरा-वृंदावन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष यतेंद्र मुकद्दम ने इस दौरान गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राम मंदिर में प्राप्त दान और चढ़ावे के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की खबरों से करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन होने के बावजूद अब तक कोई प्राथमिकी (FIR) दर्ज नहीं



की गई है। इससे जांच की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रकरण में तत्काल एफआ-ईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने पूरे मामले की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कराने, साथ ही मंदिर में प्राप्त दान एवं चढ़ावे के उपयोग का स्वतंत्र ऑडिट कराने की भी मांग की। कांग्रेस ने जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की भी मांग की, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास बना रहे।


### घटना : बड़ा हादसा टला, बिजली आपूर्ति बाधित, जर्जर भवनों पर कार्रवाई की मांग उठी

# सिनेमा चौराहे पास जर्जर मकान की दीवार ढही

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहर के व्यस्त सिनेमा चौराहे के पास स्थित एक जर्जर मकान की दीवार अचानक ढह गई। गनीमत रही कि घटना के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस मकान की दीवार गिरी है, वह काफी समय से जर्जर हालत में था। इसे पहले भी खतरनाक घोषित किया जा चुका था, लेकिन इसके बावजूद मकान को गिराने या सुरक्षित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। दीवार गिरने के दौरान वहां से गुजर रही विद्युत लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। कई





बिजली के तार टूटकर सड़क पर गिर पड़े, जिससे आसपास के घरों और दुकानों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त तारों को हटाकर मरम्मत कार्य शुरू किया। सुरक्षा को देखते हुए कुछ समय के लिए इलाके की बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। प्रशासन पर उठे सवाल स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जर्जर भवन को लेकर कार्रवाई की गई होती तो यह स्थिति पैदा नहीं होती।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दीवार गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। दुकानदार और स्थानीय निवासी अपने प्रतिष्ठानों से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

### व्यस्त इलाके में अचानक गिरी दीवार

यह घटना शहर के मित्तल वाली गली क्षेत्र में हुई, जो सिनेमा चौराहे के पास स्थित एक व्यस्त इलाका माना जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जर्जर मकान की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई और कुछ ही सेकंड में मलबा सड़क पर फैल गया। घटना के समय सड़क पर आवागमन नहीं होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, वरना जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।

### जर्जर भवनों के सर्वे की मांग

इस घटना के बाद लोगों ने मांग की है कि शहर में मौजूद सभी पुराने और खतरनाक भवनों का तत्काल सर्वे कराया जाए और समय रहते उन्हें ध्वस्त या सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# हरदोई के बैजूपुर में शहीद राज विजेंद्र की मूर्ति अनावरण

### उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने दी श्रद्धांजलि

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैजूपुर में बुधवार, 24 जून 2026 को अमर शहीद लांस नायक राज विजेंद्र दीक्षित की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने अपने संबोधन में



कहा कि शहीद राज विजेंद्र दीक्षित का बलिदान देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे वीर सपूतों के कारण ही देश सुरक्षित और सशक्त है।

उन्होंने युवाओं से शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति का वातावरण रहा, जहां लोगों ने शहीद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। राज्यमंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया, उन्हें आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकाम-नाएं दीं। ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में शहीद की स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए और देशभक्ति गीतों से वातावरण बना रहा।

राज्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार शहीदों के सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने क्षेत्र में एकता, सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया।

# सम्पादकीय

## सूखे की आशंका



यह अच्छा हुआ कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो प्रभाव के चलते मानसून में कमी को देखते हुए सूखे की आशंका से निपटने के लिए फिर से बैठक की। इसके पहले उन्होंने एक बैठक इस माह के प्रारंभ में भी की थी। गत दिवस की बैठक में उन 315 जिलों की पहचान की गई, जो सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। इन जिलों में भी 111 ऐसे हैं, जहां सूखे का असर कहीं अधिक हो सकता है। निःसंदेह भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बारिश में कमी एक गंभीर चुनौती है। सूखे की आशंका केवल किसानों की ही समस्या नहीं बढ़ाएगी, बल्कि कमजोर फसल के नतीजे में अनाज के महंगे होने से आम आदमी भी प्रभावित हो सकता है। फसल उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार को खाद्य सुरक्षा के प्रति सचेत होना होगा। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि कमजोर मानसून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी असर डालता है। निःसंदेह बारिश में कमी के चलते चुनौती केवल सिंचाई के जल के अभाव के रूप में ही पैदा नहीं होगी, बल्कि देश के कुछ इलाकों में पेयजल संकट भी बढ़ सकता है। वैसे भी गर्मियों में देश के कई हिस्से इस संकट से दो-चार होते ही हैं। स्पष्ट है कि कृषि मंत्रालय के साथ जलशक्ति मंत्रालय को भी सक्रिय होना होगा। अब जब सूखे की आशंका गहराती जा रही है, तब फिर उसके असर से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की जानी चाहिए। इस तैयारी के अनुकूल परिणाम तभी मिलेंगे, जब राज्य सरकारें केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेंगी। इसमें देरी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि अब यह स्पष्ट हो चुका है कि इस बार बारिश कम होने जा रही है। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य हो गया है कि किसानों को कम पानी वाली फसलें उगाने के लिए आवश्यक सलाह और सहायता देने में देर न की जाए। इसी तरह यह भी देखा जाए कि जलाशयों के जल का समुचित उपयोग हो। यह सही समय है कि जल संरक्षण के साथ वर्षा का पानी बचाने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पानी की बर्बादी को रोकने के भी यथासंभव उपाय करने होंगे और इसमें हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होगी। चूंकि अपने देश की समस्या यह है कि कृषि का एक बड़ा हिस्सा बारिश के जल पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वर्षा जल संचयन संबंधी योजनाओं की समीक्षा हो। इसकी कोशिश हर स्तर पर होनी चाहिए कि बारिश के जल का अधिकाधिक संचयन हो सके। चूंकि अल नीनो प्रभाव के अतिरिक्त जलवायु में लगातार परिवर्तन एक हकीकत है, इसलिए उससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के उपायों पर सतत ध्यान देने की रणनीति समय की मांग है। बारिश होते ही सूखे से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की अनदेखी ठीक नहीं।

# स्मार्टफोन संयमित उपयोग की वैश्विक जरूरत





> 'स्मार्टफोन एक दुधारी तलवार है'। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और अत्याधुनिक संचार माध्यमों ने इस चुनौती को और अधिक जटिल बना दिया है।

विज्ञान और तकनीक ने मानव सभ्यता को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। आज का युग डिजिटल युग है, जहां एक क्लिक पर पूरी दुनिया हमारी हथेली में सिमट आई है। स्मार्टफोन ने संचार, शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शासन और सामाजिक संबंधों को नई दिशा दी है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी लेकर आती है। स्मार्टफोन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह जितना बड़ा वरदान सिद्ध हुआ है, उतना ही बड़ा अभिशाप भी बनता जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों और किशोरों पर इसके दुष्प्रभावों ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। आज विश्वभर में यह स्वीकार किया जा रहा है कि स्मार्टफोन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, विवेक और अनुशासन के अभाव में इसका नकारात्मक पक्ष अधिक मुखर हो रहा है। स्मार्टफोन की लत बच्चों और युवाओं में मानसिक तनाव, अवसाद, एकाकीपन, हिंसक प्रवृत्तियों, अश्लीलता, साइबर अपराध और सामाजिक विघटन का कारण बन रही है। यही कारण है कि आज केवल परंपरागत समाज और विकासशील देश ही नहीं, बल्कि विकसित देश भी इस चुनौती से निपटने के लिए कठोर कदम उठा रहे हैं।

हाल ही में भारत के हरियाणा के नूंह जिले के सुखपुरी गांव की पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। गांव की पहचान साइबर अपराध के केंद्र के रूप में बनने लगी थी। इससे आहत होकर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से स्मार्टफोन त्यागने और बेसिक फोन अपनाने का निर्णय लिया। यह केवल मोबाइल तोड़ने की घटना नहीं, बल्कि समाज की उस पीड़ा की अभिव्यक्ति है, जो तकनीक के दुरुपयोग से उत्पन्न हुई है। गांव के युवाओं का विरोध भी स्वाभाविक है, क्योंकि आज शिक्षा, रोजगार, डिजिटल भुगतान और सरकारी सेवाएं स्मार्टफोन पर निर्भर हैं। इस घटना ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया है-क्या समाधान तकनीक का बहिष्कार है या उसके विवेकपूर्ण उपयोग का संस्कार? विश्व के अनेक देशों ने इस प्रश्न पर गंभीर चिंतन आरंभ कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, चीन और अमेरिका जैसे देशों में बच्चों और किशोरों के स्मार्टफोन उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में अनेक पहलें हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया ने किशोरों के सोशल मीडिया उपयोग पर आयु-सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। फ्रांस ने स्कूलों में स्मार्टफोन प्रतिबंध लागू किया है। ब्रिटेन में भी स्कूलों में मोबाइल उपयोग को सीमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अमेरिका में सोशल मीडिया कंपनियों के विरुद्ध मुकदमे दायर हुए हैं और उन पर भारी जुर्माने लगाए गए हैं। इन पहलों का उद्देश्य तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

वास्तव में स्मार्टफोन जहां वरदान है, वहीं अभिशाप भी है। इससे ज्ञान का भंडार भी उपलब्ध है और भ्रम का संसार भी। यह शिक्षा का माध्यम भी है और अश्लीलता तथा हिंसा का प्रवेश-द्वार भी। यह रोजगार के अवसर भी देता है और साइबर अपराध की राह भी खोलता है। आज अनेक युवा रातों-रात अमीर बनने की लालसा में साइबर ठगी, सेक्सटॉर्शन, ऑनलाइन जुआ और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे अपराधों में फंस रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लील सामग्री, फेक न्यूज, नफरत और ट्रोल संस्कृति ने सामाजिक मूल्यों को गहरी चोट पहुंचाई है। सबसे अधिक चिंता का विषय बच्चों और किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य है। शोध बताते हैं कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और रचनात्मक क्षमता प्रभावित होती है। नींद में कमी, चिड़चिड़ापन, अवसाद, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। परिवारों में संवाद कम हुआ है और डिजिटल निकटता के बावजूद भावनात्मक दूरियां बढ़ी हैं। बच्चे खेल के मैदानों से दूर होकर आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। एआई जहां शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान और प्रशासन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, वहीं इसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। डीपफेक वीडियो, फर्जी ऑडियो, साइबर ठगी, पहचान की चोरी, फेक न्यूज और डिजिटल ब्लैकमेल जैसे अपराधों में एआई का इस्तेमाल चिंताजनक स्तर तक बढ़ गया है। स्मार्टफोन इस पूरी प्रक्रिया का सबसे सुलभ और प्रभावी माध्यम बन गया है। एक साधारण मोबाइल फोन के माध्यम से आज कोई भी व्यक्ति एआई आधारित एप्लीकेशनों का उपयोग कर नकली तस्वीरें और वीडियो तैयार कर सकता है, भ्रामक सूचनाएं फैला सकता है या साइबर अपराधों को अंजाम दे सकता है। विशेष रूप से किशोर और युवा, जिनके पास तकनीकी कौशल तो है लेकिन नैतिक प्रशिक्षण और परिपक्वता का अभाव है, वे अनजाने में अथवा त्वरित लाभ की लालसा में ऐसे कृत्यों में संलिप्त हो सकते हैं। इसलिए आवश्यक है कि एआई और स्मार्टफोन के उपयोग के साथ-साथ डिजिटल नैतिकता, मानवीय मूल्यों और कानूनी जिम्मेदारियों का भी समुचित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि तकनीक मानवता के विकास का साधन बने, विनाश का नहीं। इस संदर्भ में यह कथन अत्यंत प्रासंगिक है-'विज्ञान बिना विवेक के विनाश का कारण बनता है, जबकि विवेक के साथ वही विज्ञान मानवता का वरदान बन जाता है।'

ऐसी स्थिति में भारत में भी व्यापक राष्ट्रीय विमर्श की आवश्यकता है। भारत विश्व की सबसे युवा आबादी वाला देश है और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यदि भारत को विश्वगुरु के रूप में अपनी भूमिका निभानी है, तो उसे तकनीक और मानवीय मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। भारत द्वारा निर्मित नीतियां न केवल देश, बल्कि विश्व के लिए भी मार्गदर्शक बन सकती हैं।

**ललित गर्ग**

## बौद्धिक क्षमताओं का उपयोग हों

हमको हमारी शारीरिक और बौद्धिक क्षमताओं का उपयोग दूसरों के सहयोग के लिए भी करना चाहिए । सक्षमता की सार्थकता का अच्छा उपयोग तभी हैं जब उसका अच्छा उपयोग होता हैं । कोई जमाना था जब गुरु ही हमारा निर्माता था वहीं से सारा ज्ञान कोश आता था। वह संकल्प बिना कोई मुक़ाम कभी हासिल होना सम्भव ही नहीं हैं । वह बिन इच्छा शक्ति के योग्य होते हुए भी आत्मा कभी परमात्मा नहीं बन सकती हैं । एक घटना प्रसंग गुरुवर ने पूछा कि कौन सी वह चीज है जो खर्च करने पर घटती नहीं बल्कि बढ़ती है। सब शिष्य असमंजस में पड़ गये। उन्होंने बहुत सोचा पर उत्तर न दे सके। तब गुरु ने कहा कि जिस दिमाग से आप सोच रहे हैं,वही वह चीज है जो खर्च करने पर बढ़ती है। दिमाग को जितना ज्यादा इस्तेमाल करेंगे उतना ही अधिक वह कमाल करेगा। दिमाग का मामला है उसकी अच्छी तरह परवरिश करना जरूरी है। प्राणायाम उसे ताकतवर व स्वस्थ रखते हैं। इसलिए जो नित नियमित प्राणायाम करते हैं वे अन्य लाभ के साथ-साथ मस्तिष्क को भी स्वस्थ रख पाते हैं। बौद्धिक क्षमताओं के विकास में मस्तिष्क का बहुत बड़ा योगदान होता हैं । अपनी कामयाबी के आधार आप स्वयं बनो क्योंकि सहायता करने वाले लोग एक समय के बाद एहसान की भाषा बोलने लगते हैं । सुख का रहस्य ये नहीं है कि जीवन में समस्याएं ही ना हो सुख का रहस्य ये है कि हम समस्याओं को हल करने की कला सीख लें। दृष्टिकोण को उदार और विशाल बनाए बिना आप किसी समस्या के समाधान में कोई योगदान नहीं दे सकते। अशांति का बीज विपरीत अवग्रहण है , सामने वाला कह रहा है,उसकी बात को सम्यक ग्रहण करे तो अशांति का प्रश्न ही नहीं होगा। समस्याएं हर व्यक्ति के जीवन में आती है किंतु महान वह होता है जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने मन को कमजोर नहीं करता। लोग संयम का अर्थ ज्यादा से ज्यादा खाने के संयम या भोगों के संयम से लगाते है।

› प्रदीप छाजेड़

## 'सुशासन' का अर्थ है...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

# जम्हूरियत में जंगली इंसाफ



सभी तरह के अपराधों पर नियंत्रण होना चाहिए और प्रत्येक अपराधी को नियमतः कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह लोकतंत्र की मूल भावना है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न भागों, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार आदि में जिस तरह से अपराधियों का 'एनकाउण्टर' हुआ है, उसने समूची प्रणाली और व्यवस्था पर गम्भीर सवाल पैदा कर दिये हैं। इन घटनाओं ने हमें एक कठिन प्रश्न के सामने खड़ा कर दिया है: 'क्या लोकतंत्र में 'जंगली इंसाफ' की स्वीकार्यता हो सकती है?' 'एनकाउण्टर' सुशासन का मॉडल तो नहीं हो सकता।

आजकल 'एनकाउण्टर' शब्द अक्सर सुनने में आता है। आश्चर्य तो तब होता है जब आम आदमी भी एनकाउण्टर करने की माँग उछालते हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अबतक 183 अपराधियों का एनकाउण्टर हुआ है। इसमें विकास दुबे, गौरी यादव, कमल, शिव शक्ति नायडू, मनीष सिंह जैसे दुर्दान्त अपराधी शामिल हैं। बिहार में भी पिछले चार महीनों में 12 मुठभेड़ हुईं और 4 अपराधी ढेर हुए हैं। 2025 में बिहार के अररिया में तनिष्क लूटकाण्ड का आरोपी चुनमुन झा पुलिस मुठभेड़ में मारा गया, वहीं लखनऊ के मलिहाबाद में महिला हत्या का मुख्य आरोपी अजय कुमार भी एनकाउण्टर में ढेर हो गया।

सबसे चर्चित घटना 10 जुलाई 2020 को कानपुर के पास विकास दुबे का एनकाउण्टर है। आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के मास्टरमाइण्ड विकास दुबे पर 5 लाख का इनाम घोषित था। पुलिस का कहना था कि गाड़ी पलट गयी और विकास दुबे भागने की कोशिश में मारा गया लेकिन इस एनकाउण्टर पर सुप्रीम कोर्ट ने जाँच समिति बनायी और जाँच रिपोर्ट को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी एनकाउण्टर के आरोप पर योगी सरकार से जवाब माँगा था।

2 अप्रैल 2023 को झाँसी के पास अतीक अहमद के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम का एनकाउण्टर हुआ। दोनों पर 5-5 लाख रुपये का इनाम रखा था। उमेश पाल हत्याकाण्ड में फरार चल रहे असद और गुलाम को यूपी एसटीएफ ने एनकाउण्टर में मार गिराया। इस मामले में झाँसी जिला मजिस्ट्रेट ने मजीस्ट्रियल जाँच के आदेश जारी किये। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में मंगेश यादव एनकाउण्टर मामले में मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है और डीएम को जाँच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा था कि भय का माहौल बनाना जुर्म से निपटने का सही रास्ता नहीं है। लोकतंत्र (जम्हूरियत) में विधि के सिद्धान्त सर्वोपरि हैं। लोकतन्त्र में ऐसी व्यवस्था रहती है कि जनता अपनी मर्जी से विधायिका चुन सकती है और सभी व्यक्ति को समान अधिकार होता हैं। किसी भी अपराधी को विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के बिना नहीं मारा जा सकता। एनकाउण्टर में 'गोली का जवाब गोली' की नीति के तहत कार्रवाई होती है जो विधि प्रक्रिया को नकार देती है। जंगली इंसाफ का अर्थ है विधि-प्रक्रिया से बाहर निकलकर स्वयं ही न्याय करना। यह लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। यदि अपराधी को सजा देनी है, तो उसकी विधिमान्य जाँच होनी चाहिए, उसे न्यायालय में उपस्थित किया जाना चाहिए और न्यायालय द्वारा सजा निर्धारित की जानी चाहिए। एनकाउण्टर में ये सभी प्रक्रियाएँ अनुपस्थित हैं।

'सुशासन' का अर्थ है विधि-प्रक्रिया, जिम्मेदारी, पारदर्शिता और न्यायिक नियंत्रण। एनकाउण्टर में ये सभी सिद्धान्त अनुपस्थित हैं। पुलिस स्वयं ही जाँच, न्याय और सजा का निर्णय करती है—यह विधि के सिद्धान्त का विरोध है। सुशासन में सभी को समान अधिकार मिलते हैं, चाहे वे अपराधी हों, या नागरिक। एनकाउण्टर में अपराधी को विधि प्रक्रिया का समान लाभ नहीं मिलता।

पहला, विधि प्रक्रिया का अतिक्रमण। एनकाउण्टर में अपराधी को विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया से नहीं संभाला जाता। यह विधि के सिद्धान्त का विरोध है।

दूसरा, मानवाधिकारों का हनन। राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग ने कई एनकाउण्टर मामलों में संज्ञान लिया है। भय का माहौल बनाना जुर्म से निपटने का सही रास्ता नहीं है।

तीसरा, पुलिस विश्वसनीयता पर प्रश्न। जब एनकाउण्टर की संख्या बढ़ती है, तो पुलिस की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी एनकाउण्टर के आरोप पर पुलिस पर एफआईआर् की बात कही है।

## आम आदमी पार्टी ...

डॉ. हरीशकुमार सिंह

# श्रीराम मंदिर के लुटेरों पर चले बुलडोजर



अपने देश में हजारों की संख्या में प्रसिद्ध मंदिर हैं जो श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक हैं और भक्तजन मंदिरों में दान देकर , नगद या सोने चांदी की कोई वस्तु चढ़ाना पुण्य का काम मानते हैं । छोटे मंदिरों में यह दान पुण्य की राशि से ही मंदिर का रखरखाव और पुजारी का जीवनयापन चलता है । कई प्रसिद्ध मंदिरों की देखभाल के लिए ट्रस्ट बन गये हैं तो कई मंदिर शासन के अधीन हैं और प्रशासक की नियुक्ति सरकार करती है । मंदिरों में चोरी का इतिहास काफी पुराना है और ज्यादातर मामलों में चोरों का निशाना अष्टधातु ,पीतल ,सोने-चांदी की प्राचीन मूर्तियाँ और गहने होते हैं । मंदिरों से करोड़ों की मूर्तियों की चोरी कोई नई बात नहीं है । मंदिर के कर्मचारियों द्वारा चढ़ावे की चोरी भी होती आई है और वर्ष 2023 में तिरुपति बालाजी मंदिर के कर्मचारी रवि कुमार को पकड़ा गया था जिसने पिछले बीस वर्षों में सौ करोड़ रुपये से अधिक की नगदी चोरी की थी ।वर्ष 2024 में ही तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद की जांच में लड्डुओं के इस्तेमाल में लाया जाने वाला घी मिलावटी पाया गया था और उसमें जानवरों की चर्बी पाई गई।विश्व प्रसिद्द-उज्जैन के श्री महाकालेश्वर के दर्शनों को लेकर भी दिसम्बर 2024 में एक बड़ा घोटाला तत्कालीन कलेक्टर ने पकड़ा था जिसमें पण्डे – पुजारी नहीं बल्कि मंदिर समिति से जुड़े कर्मचारी , निजी एजेंसी के गार्ड , कुछ मीडियाकर्मी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अवैध तरीके से हजारों रुपये लेकर उन्हें वीवीआईपी व्यवस्था के तहत आसानी से दर्शन कराकर , खुद करोडपति बन बैठे । पता नहीं यह सिलसिला कब से चला आ रहा था और करोड़ों की कमाई ये कर्मचारी कर चुके थे । आज भी अवैध कमाई का यह सिलसिला रुका नहीं है । जाहिर है मंदिरों से चोरी , दर्शन के नाम पर अवैध वसूली , मंदिर प्रसाद में घोटाले उतने ही पुराने हैं जितने मंदिर । पर अयोध्या के राम मंदिर में चोरी किसी एक या दो कर्मचारी ने नहीं की है और न ही इसे मंदिर की प्रबंध समिति ने पकड़ा है । मंदिर के छोटे कर्मचारियों ने जब करोड़ों की जमीन और अन्य संपत्ति खडी कर ली तो ये निगाह में आने लगे और इनमें से ही कोई असली रामभक्त ने सामने आकर मामला उजागर किया । केवल मंदिर से चढ़ावे की रकम ही नहीं लूटी गई है बल्कि सोने चांदी की वस्तुएं जो भक्तों ने बड़े आस्था और विश्वास से भगवान के चरणों में समर्पित की गायब हैं । यह सामूहिक डकैती का विलक्षण उदहारण है जिसे एक संगठित गिरोह ने अंजाम दिया है ।

## जरा हटके

## पीड़ित परिवारों को ...

स्वराज्य करुण

# ऊंचे सपनों के साथ आख़िर कब तक झुलसते रहेंगे हमारे मासूम युवा?



बड़े सपने देखने वाले छोटी उम्र के हमारे उन मासूम युवाओं को भला क्या मालूम था कि वह उनकी ज़िन्दगी का आख़िरी दिन होगा! उत्तरप्रदेश के लखनऊ में कल 22 जून को एक बहुमंजिली इमारत में संचालित कोचिंग सेंटर में अचानक आग लगी और देखते ही देखते अपने ऊंचे सपनों के साथ वे बच्चे भी झुलसकर दुनिया से चले गए, जो अपनी ज़िन्दगी में कुछ बनने और कुछ ऊंचा कर दिखाने का ख़्वाब लेकर पढ़ाई के लिए वहां गए थे। उनकी चीखें आग और धुएं में घुटकर रह गईं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए तत्काल घटनास्थल का दौरा किया, पीड़ितों और उनके परिवारजनों से मुलाकात की। उन्होंने लखनऊ के अलीगंज में हुए इस हादसे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच के भी निर्देश दिए और कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिवारों के लिए दो-दो लाख रूपए और प्रत्येक घायल के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। गहन दुःख की इस घड़ी में पीड़ितों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति उन सबकी भावनाएं और संवेदनाएं अपनी जगह बिलकुल ठीक हैं। पीड़ित परिवारों को मुआवजा भी मिल जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई भी हो जाएगी, लेकिन सवाल यह है कि जिन घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझ गए, उन घरों में रौशनी अब कैसे होगी?

यह दर्दनाक हादसा अपने पीछे यह सवाल छोड़ गया है कि जोखिम भरे कोचिंग सेंटरों में अपने ऊंचे सपनों के साथ हमारे मासूम युवा आख़िर कब तक झुलसते रहेंगे? देश में ऐसे हादसे पहले भी हो चुके हैं। लगभग दो साल पहले जुलाई 2024 में दिल्ली के पुराने राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बरसात का पानी घुस गया था, जिसमें तीन अभ्यार्थियों की मौत हो गई थी, इस हादसे के तत्काल बाद प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर दिल्ली के कई कोचिंग सेंटरों की जांच की गई और उनमें से कई को सील भी किया गया। आगे क्या हुआ, इसकी जानकारी इन पंक्तियों के लेखक को नहीं है। आज से लगभग सात साल पहले मई 2019 में गुजरात के सूरत शहर की एक बहुमंजिली इमारत में चल रहे कोचिंग सेंटर में आग लगने पर झुलस जाने से 22 मौतें हुई थीं। मेरा ख़्याल है कि स्कूल-कॉलेजों की नियमित पढ़ाई के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं में कोचिंग के प्रति रूझान पिछले दस-बीस वर्षों में पागलपन की हद तक बढ़ गया है। हर युवा बड़े से बड़ा सरकारी अफ़सर बनना चाहता है। आज दसवीं-बारहवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में अस्सी, नब्बे, पंचानवे और निन्यानवे प्रतिशत अंकों से हजारों, लाखों बच्चे उत्तीर्ण हो रहे हैं। इसके बाद भी उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग से कोचिंग करनी पड़ती है। बताया जाता है कि उन परीक्षाओं का पाठ्यक्रम दसवीं-बारहवीं के पाठ्यक्रमों से अलग होता है। लेकिन ऐसा क्यों? इन कोचिंग सेंटरों में दाखिले के लिए बच्चे अपने स्कूल-कॉलेज की नियमित कक्षाएं भी छोड़ देते हैं, वहां से अपना ट्रांसफर सर्टिफिकेट भी ले जाते हैं। कोचिंग केंद्रों के प्रबंधक उनका एडमिशन किसी प्राइवेट स्कूल या कॉलेज में करवा देते हैं, जहां संबंधित छात्र-छात्रा को क्लास अटेंड करने के लिए जाना नहीं पड़ता, लेकिन उनकी हाजिरी लगती रहती है। वे सिर्फ वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होते हैं। उनकी इस प्रकार की कक्षाओं को 'डमी क्लास' कहा जाता है। क्या इन 'डमी कक्षाओं' का प्रचलन गलत नहीं है? विगत कुछ वर्षों में कु छ कोचिंग केंद्रों में हुए हादसों को लेकर सवाल यह भी उठता है कि ऐसे हादसे होते ही क्यों हैं? क्या इसलिए कि अधिकांश कोचिंग सेंटरों में मानव जीवन की सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतज़ाम नहीं रहता? कहीं आग से बचाव के लिए फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं रहती, तो कहीं कई-कई मंजिलों वाली गगनचुम्बी इमारतों में आग लगने पर बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं रहता। अधिकांश कोचिंग सेंटर अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में संचालित होते हैं। जिन्हें इनका निरीक्षण करते रहना चाहिए, वे अपनी ज़िम्मेदारी नहीं निभाते। आज देश भर में सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग केंद्रों की भरमार है। लेकिन क्या इन केंद्रों के सरकारी पंजीयन का भी कोई प्रावधान है? अगर नहीं है तो क्या उनका सरकारी रजिस्ट्रेशन नहीं होना चाहिए ताकि अगर वहां कोई हादसा हो जाए तो प्रारंभिक ज़िम्मेदारी तत्काल तय की जा सके! क्या लाखों रूपयों की फीस वाले कोचिंग सेंटरों के संचालन की अनुमति सरकार की ओर से या स्थानीय प्रशासन की ओर से दी जाती है? अगर नहीं तो अनुमति अनिवार्य होनी चाहिए। ये कोचिंग सेंटर जिन भवनों में संचालित होते हैं, उनमें आग से बचाव के लिए पुख्ता इंतज़ाम होने चाहिए। स्थानीय प्रशासन को ऐसी बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी की जांच भी नियमित रूप से और आकस्मिक रूप से भी करनी चाहिए।

# यूपी में पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी, सिर फट गया, मां लाश देखकर बेसुध

# नौकरी जॉइनिंग से 4 दिन पहले अग्निवीर की मौत

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

औरैया। यूपी के औरैया में नौकरी जॉइन करने से 4 दिन पहले 20 साल के अग्निवीर की सड़क हादसे में मौत हो गई। पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, वह बीमार बहन का झाड़-फूंक करवाने पिता के साथ गया था।

वहां से घर लौटते वक्त तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता और बहन बाइक से उछलकर दूर जा गिरे, जबकि अग्निवीर बाइक समेत 15-20 फीट तक घिसटता चला गया।




उसका सिर फट गया। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर फफूंद थाना क्षेत्र में हुआ।

हादसे के बाद बेटे का शव देखकर मां सारिका देवी रोते-रोते बेसुध हो गईं। परिजनों के मुताबिक, रामजी घर के इकलौते बेटे थे। करीब एक महीने पहले उनका अग्निवीर एयरफोर्स में चयन हुआ था। उनकी ट्रेनिंग 27 जून से बेंगलुरु में शुरू होनी थी। बुधवार को ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए उनका रिजर्वेशन था और शाम को ट्रेन पकड़नी थी।

रामजी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता और बहन को सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हादसे के बाद चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया।



## पिता मजदूरी करते हैं, बहन की तबीयत खराब

श्याम सिंह (50) खानपुर गांव के रहने वाले हैं। वह पाता प्लांट में मजदूरी करते हैं। परिवार में बेटे रामजी के अलावा पत्नी सारिका देवी और तीन बेटियां कुसमा (23), संध्या और रचना हैं। कुसमा की पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब चल रही थी। पुलिस के मुताबिक, रामजी पिता और बहन कुसमा को लेकर छछुंद गांव गए थे। वहां झाड़-फूंक करवाने के बाद लौटते समय अछल्दा-फफूंद मार्ग पर अमेला बंबा के पास अमूल दूध लदी तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## मां बोलीं- हादसे ने खुशियां छीन लीं

मां सारिका देवी ने कहा- बेटे के एयरफोर्स में चयन से पूरा परिवार खुश था, लेकिन हादसे ने हमारी खुशियां छीन लीं। थाना प्रभारी सुरेश चंद्र सिंह ने बताया कि पिकअप को कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

- रामजी का एक महीने पहले ही अग्निवीर योजना से एयरफोर्स में चयन हुआ था।
- पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।
- तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। अग्निवीर बाइक समेत 15-20 फीट तक घिसटता चला गया। उसका सिर फट गया।

# गुल्लक लेकर प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेस नेता

### महानगर अध्यक्ष बोले- राम मंदिर दान मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई हो

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कथित चंदा मामले को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता हाथों में गुल्लक लेकर पहुंचे और जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल FIR दर्ज करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल दान का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था से जुड़ा विषय है। प्रदर्शनकारियों ने मजिस्ट्रेट को प्रतीकात्मक रूप से गुल्लक भेंट करते हुए कहा कि मंदिर की गुल्लक से कथित चोरी होने के कारण वे राम भक्तों के आक्रोश का संदेश सरकार तक पहुंचाने आए हैं। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक इस मामले में FIR दर्ज नहीं होती, तब तक किसी भी SIT या


गुल्लक लेकर प्रदर्शन करने पहुचें कांग्रेस नेता।

अन्य जांच एजेंसी की कार्रवाई केवल औपचारिकता मानी जाएगी। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि सरकार और मंदिर ट्रस्ट को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर गड़बडी कहा हुई है या नहीं। यदि चोरी हुई है तो अब तक FIR क्यों दर्ज नहीं की गई और यदि चोरी नहीं हुई तो जांच किस आधार पर की जा रही है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम के नाम पर भक्तों द्वारा चढ़ाया गया धन पवित्र है और उसकी एक-एक पाई जनता की आस्था से जुड़ी है। यदि उस धन में किसी प्रकार गड़बड हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### बुर्के में मंदिर पहुंची महिला, बोली- बाबा ने बुलाया

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर में बुर्का पहनकर एक महिला मंदिर पहुंच गई। वह करीब 15 मिनट तक मंदिर में रही और आरती में शामिल हुई। महिला भक्तों की भीड़ के बीच हाथ जोड़कर खड़ी हो गई। इसी दौरान एक युवक की नजर उस पर पड़ी। युवक ने महिला से पूछा-आप मंदिर में कैसे आ गईं? बाबा की भक्त कैसे हो गईं?

### तीन माह का भ्रूण लेकर न्याय की मांग करता पति

अमरोहा। अमरोहा के रहरा थाना में एक व्यक्ति अपनी तीन माह की गर्भवती पत्नी से मारपीट के बाद हुए गर्भपात के भ्रूण को थैले में लेकर पुलिस कार्रवाई की गुहार लगाता रहा। आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने अब थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम फरौटा की मड़ैया निवासी पुरुषोत्तम पुत्र हेमराज सिंह ने बताया कि 20 जून की शाम करीब 4:30 बजे वह अपनी पत्नी पूजा को दवा दिलाने के लिए गांव बुराबली जा रहा था। रास्ते में गांव के ही दो युवकों ने जिनसे उसकी पुरानी रंजिश थी।

### देवरिया में चेक पोस्ट से दो तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। लार पुलिस ने बुधवार दोपहर एक बजे मेहरौना चेकपोस्ट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब की खेप पकड़ी। पुलिस ने एक ट्रक से 480 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। इस दौरान दो अंतरराज्यीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 4532 लीटर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मेहरौना चेकपोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की जांच चल रही थी।

# राममंदिर चोरी : एसआईटी ने चंपत राय समेत 17 को आरोपी माना

### इन पर एफआईआर लगभग तय, टिन्नू के पास मिलीं दानपात्रों की चाबियां

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिशन टीम यानी SIT ने जांच रिपोर्ट में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना है। इनके खिलाफ FIR होना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। जांच के दौरान SIT टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिलीं। टीम आज फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है। SIT ने ऐसे करीब 150 सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है, जिनकी आर्थिक स्थिति में 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बदलाव आया। इनमें चंपत राय के करीबी माने जाने वाले फूलकांत मिश्रा भी शामिल हैं।




उनके पास 3 लग्जरी कारें हैं, जिनकी कुल कीमत 25 लाख है। SIT ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें FIR दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का CEO नियुक्त करने का भी सुझाव है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। SIT ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार की तरफ से रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को मिल गई है। पीएमओ तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए। शेषावतार मंदिर के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए चंपत और अनिल मिश्रा मंगलवार शाम राम मंदिर परिसर में शेषावतार मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। 11 संतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज पूजन कराया। डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने साधु-संतों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन चंपत राय ने किया। कार्यक्रम में 4 हजार लोग शामिल हुए। इसमें दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य भी पहुंचने वाले थे।

### कानपुर में देखते ही देखते केबिन में धुआं भर गया, फायर ब्रिगेड ने समय रहते काबू पाया

# एसबीआई एटीएम में शॉर्ट सर्किट से आग

- एसबीआई के एटीएम में आग लगते ही वहां धुआं फैल गया।
- एटीएम में आग लगी देखकर वहां मौजूद लोगों इधर-उधर भागने लगे।
- फायर ब्रिगेड की म दद से आग पर काबू कर लिया गया।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित दलहन क्रॉसिंग के पास बने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एटीएम में बुधवार को अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। एटीएम के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। एटीएम में तैनात गार्ड रोहित ने बताया कि अनुसार वह सुबह करीब 11 बजे एटीएम के अंदर बैठा था उसी समय एटीएम के भीतर अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में आग फैल गई, रोहित ने तत्काल डायल-112 और फायर विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों ने एटीएम का बिजली कनेक्शन बंद कर आग बुझाने शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग लगने के दौरान एटीएम में कोई ग्राहक मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई।




### गार्ड ने बताया- एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

गार्ड रोहित ने बताया कि एटीएम के अंदर लगे एयर कंडीशनर (एसी) के पास अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद आग भड़क गई। देखते ही देखते धुआं पूरे एटीएम कक्ष में भर गया। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को सूचना देकर राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस और फायर विभाग की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। आसपास की दुकानों और भवनों तक आग फैल सकती थी। फायर विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर आग या शॉर्ट सर्किट की घटना दिखाई देने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर बड़े हादसे को रोका जा सके।

**थाना प्रभारी बोले कल्याणपुर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि आग पर कुछ घंटो में काबू पा लिया गया था। गार्ड ने पुलिस को सूचना दी थी फिलहाल पूरी तरह शांति व्यवस्था कायम है।**

### रास्ते को लेकर हुआ विवाद, पुलिस ने 2 के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की

# बेटे ने पिता पर कुदाल से किया हमला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में रास्ते के विवाद में एक बेटे ने अपने पिता पर कुदाल से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पूरी वारदात मौके पर लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरे में कैद हो गई है।

दरअसल, पीड़ित पिता बेटों के लिए रास्ता छोड़कर बाउंड्री बनवा रहे थे, तभी बड़ा बेटा कर्मा एक फीट और जमीन छोड़ने की मांग करने लगा। जिससे दोनों में बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर उसने पिता को लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कर्मा और उसके भाई भानू को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की है। मामला शाहपुर थाने के मोहनापुर चौहान टोला का है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर क्षेत्र के जंगल हकीम नंबर-2



स्थित मोहनापुर चौहान टोला के रहने वाले राजकुमार चौहान मजदूरी करते हैं। उनके पांच बेटे हैं, जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें हमले और मारपीट की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पारिवारिक विवाद के अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पिता को अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस ने आरोपी बेटे कर्मा और उसके भाई भानू को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### 3 फीट रास्ता छोड़कर बाउंड्री बनवा रहे थे

सोमवार को राजकुमार तीन फीट रास्ता छोड़कर बाउंड्री बनवा रहे थे। आरोप है कि शाम करीब चार बजे उनका बड़ा बेटा कर्मा घर पहुंचा और पिता से एक फीट अधिक रास्ता छोड़ने की मांग करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

### देखते ही देखते विवाद बढ़ा

काफी देर तक कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और कर्मा ने पास में रखें कुदाल उठाकर अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। जिसके बाद मौके से अफरा- तफरी मच गई। आसपास खड़े लोगों ने बीच- बचाव कर उनकी जान बचाई।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

यह पूरी वारदात CCTV कैमरे में कैद हो गई। गांव वालों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद कर्मा और उसके भाई भानू को हिरासत में ले लिया। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ मंगलवार को शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। कि शाम करीब चार बजे उनका बड़ा बेटा कर्मा घर पहुंचा और पिता से एक फीट अधिक रास्ता छोड़ने की मांग करने लगा।


**राजकुमार ने बताया कि तीनों बेटे चार फीट चौड़ी गैलरी छोड़कर अपने-अपने कमरे बनाकर रहते हैं, जबकि दो बेटों के हिस्से में लगभग 300 वर्ग फीट जमीन आगे की ओर है। इसी जमीन से तीनों भाइयों का परिवार आवागमन करता है।**

# यूपी में हरियाणवी डांसर की कार पर हमला

### रोते हुए बोलीं- लड़कों ने बेशर्मी की हदें पार की

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बुलंदशहर। यूपी में ग्रेटर नोएडा और बुलंदशहर के बॉर्डर एरिया में हरियाणवी डांसर डिंपल चौधरी पर हमला हुआ। डिंपल ने दावा किया कि दो लड़कों ने डंडा मारकर गाड़ी का फ्रंट शीशा तोड़ दिया। डिंपल चौधरी का एक रोते हुए वीडियो भी सामने आया है। इसमें वह कह रही हैं- 'बेशर्मी की भी एक हद होती है। मैं मेरी बहन के घर जा रही थी। मेरी गाड़ी का ये हाल कर दिया।' डिंपल ने से बातचीत में कहा-हमले के बाद मैं काफी घबरा गई थी। मैं बेसुध हो गई, जिसके चलते अस्पताल ले जाना पड़ा। पहले भी मुझे धमकी मिली थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब पुलिस किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। जल्द ही इस मामले की पुलिस से शिकायत करूंगी।



डिंपल ने बताया कि सोमवार को अपने छोटे भाई के साथ छोटी बहन के पास बुलंदशहर के सिकंदरा जा रही थी। रात करीब 11.30 बजे रास्ते में बाइक सवार हमलावरों ने मेरी ब्रेजा कार को निशाना बनाया। हमले के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। डिंपल ने बताया- कार ड्राइवर चला रहा था। रास्ते में एक सीएनजी पंप पर रुकी। जहां भाई ने कोल्ड ड्रिंक और चिप्स खरीदे। इस दौरान मेरी एक फ्रेंड भी फोन आया तो उससे बात हो रही थी।

### वारदात : पालतू डॉग की देखरेख के लिए एक दिन पहले ही रखा था, माउंट आबू घूमने गई थी

# 60 लाख की चोरी में नौकरानी-बॉयफ्रेंड समेत 3 अरेस्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर के स्वरूप में नगर कारोबारी के घर से 60 लाख की चोरी करने वाली किशोरी नौकरानी, उसके बॉयफ्रेंड समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। कारोबारी ने पालतू कुत्ते की देखरेख के लिए किशोरी को नौकरी पर रखा था। नौकरी के दूसरे ही दिन किशोरी ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दे दिया था। वह एक माह से बॉयफ्रेंड के साथ काकादेव में लिवइन में रह रही थी। चोरी करने के बाद आरोपी घूमने के लिए लखनऊ, दिल्ली, मुंबई और माउंट आबू गए थे। उन्होंने अलमारियां खंगाली तो उनके होश फाख्ता हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने स्वरूप नगर थाने में किशोरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस



ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किशोरी की तलाश शुरू की। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने किशोरी और उसके आवास विकास हंसपुरम निवासी बॉयफ्रेंड मो. युनूस को माउंट आबू से गिरफ्तार किया। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि हिंदू किशोरी का पिछले एक साल से मो. युनूस से अफेयर चल रहा था, जिसके बाद वह दोनों बीते एक माह से काकादेव में लिवइन रिलेशनशिप में रह रहे थे। पूछताछ में आरोपी मो.युनूस ने बताया कि उसने अपने परिचित ज्वैलर्स आवास विकास कालोनी निवासी मो. महताब को 2 लाख रुपए में सोने का ब्रेसलेट बेचा था। इसके बाद वह किशोरी के साथ लखनऊ, दिल्ली, अजमेर शरीफ, माउंट आबू घूमने के लिए निकल गए थे। पुलिस ने चोरी के जेवरात खरीदने वाले ज्वैलर्स को भी गिरफ्तार कर लिया।

### कारोबारी ने 16 जून को नौकरी पर रखा था

डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार दोपहर घटना का खुलासा करते हुए बताया कि स्वरूप नगर निवासी विकास शुक्ला का रेस्टोरेंट, स्वीट हाउस व आयुर्वेदिक दवा का कारोबार है। विकास ने पालतू कुत्ते की देखभाल के लिए मैनपावर एजेंट आशू गुप्ता, श्यामजी प्रीमियम होम हेल्थ मंधना के जरिए 14 हजार सैलरी पर 16 जून को नौबस्ता हंसपुरम निवासी किशोरी को रखा था। घर में रेकी करने के बाद 17 जून को किशोरी ने सुनियोजितक ढंग से साफ–सफाई के बहाने से घर के पिछले हिस्से का गेट खोल दिया था। कारोबारी विकास के काम पर जाने के बाद वह घर के पिछले हिस्से सोने–चांदी के जेवरात समेत 60 लाख का माल पार कर दिया था। इसके बाद किशोरी अपने बॉयफ्रेंड के साथ फरार हो गई थी। अगले दिन काम पर न आने के कारोबारी को शक हुआ।

### आरोपियों के पास से यह हुई बरामदगी

डीसीपी सेंट्रल के मुताबिक माउंट आबू पहुंचने के बाद आरोपी मो. युनूस ने अपने दोस्त को फोन किया, जिसपर पुलिस को उसकी लोकेशन हाथ लग गई। आरोपियों के पास से सोने का कड़ा, सोने के बिस्कुट, गले का हार, कान के टॉप्स, एक टूटा सोने का कड़ा, 24 हजार कैश और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

# बीजेपी नेता के पेट्रोल पंप पर लड़कों ने किया पथराव

### सीएनजी भरवाने के दौरान कार से उतरने के लिए कहने पर हुआ झगड़ा

- आरोपी युवकों ने पत्थर से सीसीटीवी भी तोड़ने की कोशिश की।
- कानपुर के नौबस्ता में भाजपा नेता महेंद्र सिंह यादव के पेट्रोल पंप पर पथराव करते आरोपी युवक।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में भाजपा नेता महेंद्र सिंह यादव के पेट्रोल पंप पर 10 से 12 युवकों ने जमकर पथराव करके तोड़फोड़ की। पत्थर फेंकते हुए आरोपी CCTV कैमरे में कैद हो गए। आरोप है कि कार सवार युवक कर्मचारियों के विरोध करने पर मारपीट की और रुपये भी छीन ले गए, हालांकि पुलिस ने रुपये छीनने



जाने से इंकार किया। पुलिस का कहना है कि पथराव और मारपीट हुई है। दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच की रही है। घटना नौबस्ता थाने से 100 मीटर दूर की है। जुगइया गांव के रहने वाले भाजपा नेता महेंद्र सिंह का नौबस्ता थाने के पास ही एसआरडी के नाम से पेट्रोल पंप हैं। उन्होंने बताया- सोमवार देर रात करीब 11 बजकर 20 मिनट पर कार सवार 5 युवक पंप पर सीएनजी गैस भरवाने पहुंचे थे। इस पर कर्मचारी ने कार में बैठे युवक को बाहर निकलने के लिए कहा तो वह भड़क गए और गाली–गलौज शुरू कर दी।

विरोध पर उस वक्त तो चले गए, लेकिन करीब दो घंटे बाद 10-12 युवकों के साथ पहुंचे और पेट्रोल पंप पर पथराव शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करके पंप में तोड़फोड़ की। शोर मचाने पर आसपास के लोग निकले और दो युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। भाजपा नेता महेंद्र सिंह ने बताया- आरोपी मारपीट के दौरान एक कर्मचारी की बैग छीन ले गए, जिसमें 16 हजार रुपए थे।

### 6 महीने बाद राहुल निकला शादीशुदा अंसार अंसारी, मारपीट कर घर से निकाला

# अलीगढ़ के लड़के ने नाम बदलकर लड़की से की शादी

**विवाद**

तमसा संकेत, एजेंसी



अलीगढ़। अलीगढ़ के एक लड़के ने अपना नाम बदलकर दिल्ली की एक युवती से हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। इसके बाद दोनों दिल्ली में किराए के कमरे में रहने लगे। करीब 6 महीने बाद युवती को पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। इस पर जब युवती ने आपत्ति जताई, तो युवक ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने बताया कि उसका नाम राहुल नहीं, बल्कि अंसार अंसारी है। उसने युवती को घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद बाद महिला अपने मायके लौट आई। कुछ दिनों बाद युवती ने सोचा कि जो हो गया सो हो गया, अब उसे अपने पति के साथ ही रहना है। इसके बाद उसने अंसार अंसारी से संपर्क किया। इस पर युवक ने कहा-मैं तुम्हें तलाक दे चुका हूं। अगर तुम्हें दोबारा मेरे पास आना है, तो हलाला से गुजरना पड़ेगा। इसके बाद युवती ने उसके साथ रहने से मना कर दिया। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे युवती दिल्ली से अलीगढ़ पहुंची और लोधा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

- **अंसार अंसारी ने खुद को राहुल बताकर हिंदू युवकी से मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की।**
- **बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने युवती के साथ थाने पहुंचे। आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की।**

इसके बाद यह मामला सामने आया। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से आरोपी और उसके भाई को जेल भेजने की गुहार लगाई है। अंसार अंसारी ने खुद को राहुल बताकर हिंदू युवकी से मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। करीब 1 साल पहले हमने जहांगीरपुरी धर्मकांटा स्थित एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली।

#### मां की चाय की दुकान पर हुई थी मुलाकात

युवती ने बताया- मैं मूल रूप से दिल्ली के जहांगीरपुरी धर्मकांटा इलाके की रहने वाली हूं। मेरे पिता का निधन हो चुका है। मेरी मां चाय की दुकान चलाती थीं। उसी दुकान पर अंसार अंसारी का अक्सर आना-जाना था। इसी दौरान हमारी जान-पहचान हुई। उस समय उसने अपना नाम राहुल बताया था। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और फिर हम दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे।

#### 6 महीने बाद पता चला कि पति पहले से शादीशुदा है

शादी के बाद हम जहांगीरपुरी में किराए के मकान में रहने लगे। करीब छह महीने तक सब कुछ ठीक चलता रहा। एक दिन वह फोन पर किसी महिला से बात कर रहा था। मुझे शक हुआ तो मैंने जानकारी जुटाई। तब पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी।

#### बोला- मैं राहुल नहीं, अंसार अंसारी हूं

युवती ने कहा- उसने मुझे बुरी तरह पीटा और कहा कि उसका नाम राहुल नहीं, बल्कि अंसार अंसारी है। यह सुनकर मेरे होश उड़ गए। जब मैंने शिकायत करने की बात कही तो उसने धमकी दी कि अगर पुलिस में गई तो मेरी निजी तस्वीरें वायरल कर देगा। इसके बाद उसने मुझे मायके जाने को कहा और तीन तलाक देने की बात कही। मैं मायके लौट आई। करीब एक हफ्ते बाद मैंने सोचा कि आगे की जिंदगी उसी के साथ बितानी चाहिए। जब मैंने अंसार अंसारी से संपर्क किया तो उसने कहा कि वह मुझे तलाक दे चुका है। अगर दोबारा साथ रहना है।

# पथरी ऑपरेशन के 14 दिन बाद महिला की मौत

### परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया

तमसा संकेत, एजेंसी

कोल। अलीगढ़ में पथरी के ऑपरेशन के 14 दिन बाद एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अतरौली के निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना 24 जून 2026, बुधवार को सुबह करीब 4 बजे अलीगढ़ के क्वार्सी क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में हुई। जानकारी के अनुसार, अतरौली थाना क्षेत्र के गांव जखैरा निवासी 38 वर्षीय लज्जा देवी पत्नी राजू का 10 जून को अतरौली के एक निजी अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन



किया गया था। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद से ही उनकी तबीयत लगातार खराब रहने लगी। पांच दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया, लेकिन दर्द और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहीं। मृतक के देवर बंटी पुत्र विन्नामी सिंह ने बताया कि 16 जून को लज्जा देवी को दोबारा उसी निजी अस्पताल अतरौली में दिखाया गया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और वह लगातार बिगड़ती चली गई। गंभीर हालत में 23 जून को उन्हें अलीगढ़ के थाना क्वार्सी क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान 24 जून की सुबह करीब चार बजे उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन अतरौली के निजी अस्पताल पहुंचे और ऑपरेशन में लापरवाही तथा समय पर सही उपचार न मिलने के कारण लज्जा देवी की जान जाने का आरोप लगाया। उन्होंने दोषी चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**फास्ट न्यूज़**

#### बिजलीघर मार्केट की दुकान में लगी आग

आगरा। आगरा में देर रात बिजलीघर मार्केट स्थित दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि आग मार्केट बंद होने के बाद लगी, नहीं तो मामला गंभीर हो सकता था। आसपास की 4 दुकानें आग की चपेट में आ गईं। इनमें धुआं भर गया।

#### 2 साल में 200 बदमाश मुठभेड़ में घायल

बरेली। बरेली में अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज हो रहा है। एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों के दौरान पुलिस ने मुठभेड़ों, गैंगस्टर कार्रवाई और निगरानी के जरिए अपराधियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस का दावा है कि सख्त कार्रवाई के चलते जिले में अपराधियों के बीच कानून का डर बढ़ा है। एसएसपी अनुराग आर्य के अनुसार, पिछले दो वर्षों में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ों में 200 अपराधी घायल हुए हैं, जबकि दो शातिर अपराधी मारे गए। दोनों गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित थे।

#### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

बिलारी। मुरादाबाद में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। उत्तराखंड की रहने वाली युवती ने मुरादाबाद के एक युवक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि विरोध करने पर युवक ने उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता गौरव राजावत समेत पांच पर परिवाद के आदेश

### महिला ने गाली-गलौज, मारपीट और पांच लाख की चौथ मांगने का लगाया आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा में कोर्ट ने मकान को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता गौरव राजावत समेत पांच लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि गृह प्रवेश के दौरान आरोपियों ने घर पहुंचकर हंगामा किया। गाली-गलौज और मारपीट की तथा पांच लाख रुपये की मांग करते हुए मकान खाली कराने की धमकी दी।

पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानंद गुप्ता की अदालत में शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली रानी पत्नी ताहिर खान ने अपने अधिवक्ताओं अमरेंद्र कुमार



शेवाल और विश्व रत्न प्रताप सिंह के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उन्होंने 7 अगस्त 2025 को गिरीश कुमार, राजकुमार, पंकज कुमार और गीतू क्रमचंदानी से मकान खरीदा था। आरोप है कि 21 सितंबर 2025 को गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता गौरव राजावत अपने समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचे। उन्होंने पूर्व मकान मालिकों पर पांच लाख रुपये का कर्ज बकाया होने की बात कहते हुए पीड़िता के पति से रकम की मांग की। विरोध करने पर गाली-गलौज की गई और मकान खाली कराने की धमकी दी गई। महिला का यह भी आरोप है कि पुलिस बुलाकर उसके पति को थाने ले जाया गया, जहां उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। परिवाद में यह भी कहा गया है कि 23 सितंबर 2025 को आरोपी दोबारा मकान पर पहुंचे और ताले तोड़कर सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर तथा घर में रखा कीमती सामान उठा ले गए। अदालत ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने के बजाय प्रार्थना पत्र को परिवाद के रूप में दर्ज कर लिया है।

मामले में वादिनी के बयान दर्ज करने के लिए 30 जुलाई की तारीख नियत की गई है।

# चलती रोडवेज बस के पहिए निकले

### डिवाइडर से टकराकर हाईवे पर पलटी, आठ यात्री घायल हुए

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। बुधवार सुबह आगरा-दिल्ली हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस का अचानक पहिया निकल जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में बस में सवार 8 यात्री घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे उस समय हुआ जब रोडवेज बस मथुरा की ओर से आगरा की तरफ आ रही थी। जैसे ही बस हाईवे पर आगे बढ़ रही थी, अचानक उसका एक पहिया अलग हो गया। इसके बाद चालक ने नियंत्रण पाने की कोशिश की, लेकिन बस संतुलन खो बैठी और सड़क पर पलट गई।

बस के पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।





- **हादसे के बाद बस को क्रेन की मदद से हाईवे से हटाया गया। अनियंत्रित होकर रोडवेज बस रेलिंग पर जा गिरी।**
- **हादसे के बाद मदद के लिए मौके पर पहुंची थाना सिकंदरा पुलिस।**

कई यात्री सीटों के बीच फंस गए, जबकि कुछ लोग झटके के साथ गिरकर घायल हो गए। हादसे की आवाज और हड़कंप सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। इस दौरान कुछ लोगों ने घायल यात्रियों को प्राथमिक सहायता भी दी। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंच गया।

**सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को देखते हुए अतिरिक्त एंबुलेंस बुलाई गईं। मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया, जिन यात्रियों को मामूली चोट लगी थी उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। बस के अनियंत्रित होने के कारणों की जांच की जा रही है।**

# आंवला में भाकियू का प्रदर्शन

### किसानों और आमजन की समस्याओं पर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

आंवला। बरेली के आंवला में भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने बुधवार, 24 जून को तहसील गेट पर प्रदर्शन किया। संगठन ने किसानों और आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार आंवला बृजेश कुमार वर्मा को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के किसानों को खाद वितरण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खाद की अनुपलब्धता के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के कारण ग्राम मिर्जापुर के कई मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। पाइपलाइन बिछाने के बाद कई सड़कों और खरंजों की मरम्मत का काम भी अधूरा पड़ा है। इसके अतिरिक्त, गांवों में सार्वजनिक तालाबों पर



अवैध कब्जे के कारण पशुओं को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यूनियन ने तालाबों को कब्जा मुक्त कराकर उनके संरक्षण की मांग की है। बारिश से पहले नालों की सफाई की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। संगठन ने नगर में बिजली कटौती के बाद अंधेरे में बाइक पर तीन-चार सवारियों के साथ युवकों द्वारा गुंडागर्दी, चीखने-चिल्लाने और महिलाओं व युवतियों से अभद्र व्यवहार व फब्तियां कसने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कस्बे के भुर्जी टोला चौराहा, वजीरगंज अड्डा, अलीगंज अड्डा, सरकारी अस्पताल के सामने चौराहा, सरगम चौराहा, अनुपुरा पुलिया और अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित पुलिस गश्त और चेकिंग की मांग की।

ज्ञापन में बिजली के अधिक बिल आने और स्टेशन रोड पर विस्तारित कार्य के कारण खोदी गई पटरी की मरम्मत न होने से दुर्घटनाओं की आशंका जताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने चेतावनी दी है कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, जिला महासचिव तनुज कुमार सहित बाधूराम, कल्याण सिंह, हीरालाल, नंदराम, राजेंद्र प्रसाद, सियाराम, संजय मौर्य, प्रमोद, दुर्जन सिंह, संजय, अकबर अली, मैकूलाल और पूरन लाल समेत कई किसान मौजूद रहे।

#### माहेश्वरी और वीआईपी समेत 10 होटल-ढाबे सील

मुरादाबाद। मुरादाबाद नगर निगम की टीम ने मंगलवार रात स्टेशन रोड पर अभियान चलाकर करीब 10 होटल और ढाबों को सील कर दिया। कार्रवाई मंगलवार रात 10 बजे की गई। इससे कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की जद में माहेश्वरी रेस्टोरेंट, वीआईपी रेस्टोरेंट, सेठी भोजनालय और ओके ढाबा समेत कई प्रतिष्ठान आए। नगर निगम की टीम ने इन प्रतिष्ठानों पर ताले लगवाए और चाबियां अपने साथ ले गई। वीआईपी रेस्टोरेंट के संचालक ने बताया कि नगर निगम की टीम रात में पहुंची और रेस्टोरेंट बंद कराकर ताला लगवा दिया। स्टेशन रोड के अन्य रेस्टोरेंट और ढाबों को भी बंद करा दिया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि कई होटल और रेस्टोरेंट फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रहे थे। इससे स्टेशन रोड पर जाम की समस्या पैदा हो रही थी।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

### बाइक नहीं मिलने पर गर्म तेल डालकर जलाने की कोशिश, पति समेत 3 पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

सहारनपुर। सहारनपुर में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने पति, सास और ननद पर बाइक और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने तथा गर्म तेल डालकर जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। महिला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौधरी विहार निवासी फरहीन पत्नी वसीम खां ने महिला थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब तीन साल पहले वसीम खां पुत्र मुनीर खां निवासी सहारनपुर के साथ हुई थी। शादी के समय मायके पक्ष की ओर से घरेलू सामान दिया गया था, लेकिन बाइक नहीं दी गई थी। फरहीन का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति वसीम खां, सास नसीम बानो और ननद फरहा बाइक और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने




लगे। उसे कम दहेज लाने के ताने दिए जाते थे। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी। पीड़िता के मुताबिक, 8 मार्च 2026 को भी उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उस पर गर्म तेल डालकर जलाने की कोशिश की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद उसने अपने परिजनों को सूचना दी और महिला थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। महिला थाना पुलिस ने फरहीन की शिकायत के आधार पर पति वसीम खां, सास नसीम बानो और ननद फरहा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

#### बीमारू टैग से ...

सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए बेहतर माहौल तैयार किया है। मैं आज आप सबको यूपी में आमंत्रित करता हूं। इस कार्यक्रम में यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और देश के कई बड़े उद्योगपतियों ने शिरकत की। जहां यूपी सरकार ने नए निवेश को आकर्षित करने के लिए अपना विजन साझा किया। यूपी में पिछले कुछ वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, सड़क, रेलवे, एयर और जलमार्ग कनेक्टिविटी का मजबूत नेटवर्क तैयार हुआ है। यूपी के पास देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क और सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे नेटवर्क है। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और वाराणसी से हल्दिया तक नेशनल इनलैंड वाटरवे जैसी परियोजनाएं प्रदेश को नई गति दे रही हैं। 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की पहचान खराब कानून व्यवस्था, पलायन और विकास की कमी वाले राज्य के रूप में होती थी। लेकिन आज यूपी की छवि पूरी तरह बदल चुकी है। अब प्रदेश निवेश, उद्योग और विकास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में आज वह हर सुविधा उपलब्ध है, जो भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है। यूपी में आज करीब 96 लाख MSME यूनिट काम कर रही हैं। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना के जरिए स्थानीय उत्पादों और छोटे उद्योगों को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में बड़े औद्योगिक संस्थानों की संख्या करीब 14 हजार से बढ़कर 33 हजार से अधिक हो गई है। मैन्युफैक्चरिंग और उद्योगों के लिए यूपी में निवेश की बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं। यूपी में युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट का मजबूत नेटवर्क है। प्रदेश हर साल बड़ी संख्या में STEM (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स) ग्रेजुएट तैयार करता है। आईआईटी, आईआईएम, टेक्निकल यूनिवर्सिटी और वोकेशनल एजुकेशन संस्थानों के जरिए इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार स्किल्ड मैनपावर उपलब्ध है। उन्होंने निवेशकों से यूपी की ग्रोथ स्टोरी में भागीदार बनने और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। सीएम योगी ने 'उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग-2026' के तहत IT, ITeS, AI और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने टेक्नोलॉजी कंपनियों, निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों से यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में देश के बड़े उद्योगपति, बिजनेस लीडर और निवेशक शामिल हुए। इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, IT-ITeS, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) और FDI जैसे क्षेत्रों में यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य की निवेश नीतियों और विकास के अवसरों को लेकर अपने विचार साझा किए। बैठक में प्रदेश की बेहतर कानून-व्यवस्था, निवेश के लिए अनुकूल नीतियों, कुशल मानव संसाधन और AI, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डेटा सेंटर व डिजिटल इनोवेशन के क्षेत्र में मौजूद अवसरों को सामने रखा गया। यूपी के विकास मॉडल को प्रस्तुत किया गया, जिसमें बेहतर शहरी विकास, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी कनेक्टिविटी और निवेश के लिए अनुकूल नीतियों पर जोर दिया गया। निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के सुशासन और मजबूत औद्योगिक माहौल की सराहना की।

#### हिमाचल में ...

मीटिंग के बाद ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि ACS ने 12 महीने का 23 करोड़ का नाइट ओवर टाइम एक सप्ताह में देने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि एक वर्दी के 1.50 करोड़, 4-9-14 टाइम स्केल की बहाली, वेतन विसंगति को भी दूर और हर महीने की पहली तारीख को सैलरी देने का भी ACS ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आंदोलन के दौरान जिन कर्मचारियों की ट्रांसफर की है, उनके तबादला आदेश भी वापस लेने का भरोसा दिया है। इसके बाद HRTC कर्मचारी अब हड़ताल नहीं करेंगे। इससे पहले आज सुबह से 21 क्षेत्रीय प्रबंधक (RM) कार्यालयों में में टेम्परेरी ड्राइवरों की भर्ती चल रही थी। इसके लिए लगभग 2095 आवेदन मिले। मगर अब इन्हें नियुक्ति नहीं दी जाएगी, क्योंकि HRTC ड्राइवर-कंडक्टर हड़ताल पर नही जाएंगे। सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर 656 टेम्परेरी ड्राइवरों की भर्ती का निर्णय लिया था। इस भर्ती को लेकर युवाओं में भी खूब उत्साह देखा गया। से बातचीत में ठियोग के कंदरू निवासी अरुण कुमार ने बताया कि उन्हें मालूम है कि HRTC ड्राइवर-कंडक्टर की स्ट्राइक खत्म होते ही उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा। ये जानते हुए भी वह भर्ती होने को तैयार है। उन्होंने बताया कि राज्य में बेरोजगारी चरम पर है। इसलिए, युवा कुछ दिन भी ड्राइवर बनने को तैयार है। कुमारसैन निवासी मोंटू ने बताया कि वह टेम्परेरी ड्राइवर भर्ती के लिए इंटरव्यू देने आए हैं। वह 10-12 सालों से हैवी व्हीकल चला रहे हैं। उन्हें मालूम है कि यह टेम्परेरी भर्ती है। उन्होंने बताया कि ड्राइवर भर्ती के लिए अभी उनसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड और मेट्रिक की मार्कशीट मांगी जा रही है। इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा। वहीं चंबा में ड्राइवर भर्ती को पहुंचे युवा इंटरव्यू देने से मुकर गए। इन्होंने HRTC ड्राइवर-कंडक्टर की हड़ताल का समर्थन किया। ACS के साथ कर्मचारियों की मीटिंग से पहले डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला में मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार ने एसेंशियल सर्विस मेंटेनेंस एक्ट (ESMA) लागू कर रखा है। उन्होंने ड्राइवर-कंडक्टरों की हड़ताल को अवैध और गैर कानूनी बताकर हड़ताल नहीं करने की अपील की थी। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने गाड़ियों की चाबियां HRTC को हैंडओवर के निर्देश दिए। डिप्टी CM मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यदि कर्मचारी काम पर नहीं लौटते हैं तो HRTC ड्राइवरों की भर्ती की जा रहा है। कहा कि कल से सरकार नए भर्ती किए जा रहे ड्राइवरों को गाड़ियों की चाबियां सौंपेगी और रूट पर भेजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी हड़ताल पर गए तो इससे HRTC को रोजाना ढाई करोड़ रुपए का नुकसान होगा।

#### मानसून एमपी पहुंचा...

इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। वहीं बिहार के बौधगया में 40.8C, राजस्थान के बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में 40.8C, झारखंड के डाल्टनगंज में 41.2C, गुजरात के राजकोट में 40.5C और एमपी के खजुराहो 40.4C रहा।

#### शिवसेना उद्धव गुट को ...

शिंदे ने कहा, 'जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब हमने छक्का लगाया है।' उन्होंने कहा, ' हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए।' उद्धव के शिवसेना का मुखिया रहते पार्टी में 4 साल में यह दूसरी बड़ी बगावत है। 14 जून को उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में संसदीय दल की बैठक बुलाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 4 सांसद नहीं पहुंचे थे। इसके बाद से पार्टी में टूट की अटकलें लगाई जानी लगी थीं। पिछले 3 महीने के दौरान विपक्षी गुट के 27 सांसदों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा या NDA को समर्थन दिया है। इनमें 7 AAP के राज्यसभा सांसद और 20 TMC के लोकसभा सांसद हैं। शिवसेना (UBT) में टूट की अटकलों के बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (SBSP) चीफ और यूपी के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होने वाली है और पार्टी के कई नेता BJP में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

# 10 साल के आशीर्वाद ने 119 गेंद पर 168 रन बनाए, इसमें 19 चौके, 6 छक्के शामिल

# वैभव सूर्यवंशी के छोटे भाई ने दोबारा शतक बनाया

**शानदार**

**समस्तीपुर, एजेंसी**

15 साल के वैभव सूर्यवंशी के छोटे भाई आशीर्वाद ने फिर तूफानी पारी खेली। उन्होंने एक लोकल टूर्नामेंट में 119 गेंद पर 168 रन बनाए। उनकी पारी में 19 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

10 साल के आशीर्वाद ने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपनी पारी की जानकारी दी। उनकी पारी के दम पर ऋषभ-11 ने समस्तीपुर में खेले गए लोकल मैच में वैशाली-11 को हराया।

इसी महीने आशीर्वाद ने



समस्तीपुर में खेले गए एक स्थानीय प्रैक्टिस मैच में ताजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से खेलते हुए 87 गेंदों पर 103 रन बनाए थे। वैभव सूर्यवंशी के 2 भाई हैं। उनके बड़े भाई का नाम उज्ज्वल सूर्यवंशी है, जबकि सबसे छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी हैं। पिता संजीव सूर्यवंशी और मां आरती सूर्यवंशी ने दोनों बेटों के क्रिकेट करियर में अहम भूमिका निभाई है। आशीर्वाद के बड़े भाई वैभव



वैभव सूर्यवंशी अपने परिवार के साथ।

सूर्यवंशी इस समय भारतीय क्रिकेट का चर्चित नाम हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए चुना गया है। इतना ही नहीं, एशियन गेम्स की टीम में भी उनका नाम है। 15 साल 71 दिन की उम्र में टीम इंडिया में जगह बनाकर वे भारत के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए। वैभव ने इस मामले में शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शेफाली पहली बार 15 साल 220 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुनी गई थीं, जबकि सचिन को 16 साल 194 दिन की उम्र में राष्ट्रीय टीम में मौका मिला था।

वैभव इस समय श्रीलंका-A दौरे पर भारतीय टीम के साथ हैं। उन्होंने अब तक दो मैचों में 58 रन बनाए हैं। इससे पहले IPL 2026 में उन्होंने 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी। वैभव को मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर, सुपर स्ट्राइकर और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने इसी सीजन 36 गेंदों पर शतक जड़कर नया रिकॉर्ड बनाया था।

## पिता ने कहा था- आशीर्वाद को बेहतरीन क्रिकेटर बनाना चाहते हैं

पिता संजीव कह चुके हैं कि वे आशीर्वाद को भी अगले दो साल में वैभव की तरह बेहतरीन क्रिकेटर बनाना चाहते हैं। आशीर्वाद सूर्यवंशी बिहार में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रहे हैं। आशीर्वाद के पिछले शतक के बाद पिता संजीव सूर्यवंशी ने भी सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की थी। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा था, मेरे छोटे बेटे आशीर्वाद सूर्यवंशी ने आज प्रैक्टिस मैच में अपना पहला शतक बनाया। आप सभी से अनुरोध है कि आशीर्वाद पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें।



"आशीर्वाद दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जबकि वैभव लेफ्टी बैटिंग करते हैं। हालांकि, दोनों की बैटिंग अप्रोच एक जैसी है। आशीर्वाद अपने बड़े भाई की तरह अटैकिंग बैटिंग करते हैं। वे शानदार टाइमिंग, बेहतरीन शॉट सिलेक्शन और पावर हिटिंग के लिए भी जाने जाते हैं।

# रोनाल्डो लगातार 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर

## टूर्नामेंट में पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड भी बनाया

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो लगातार 6 फुटबॉल वर्ल्डकप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मंगलवार रात को उज्बेकिस्तान के खिलाफ छठे मिनट में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। 41 साल के रोनाल्डो 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 के वर्ल्ड कप में भी गोल स्कोर कर चुके हैं। उन्होंने अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ा।

मेसी ने 2006, 2014, 2018, 2022 और 2026 वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। लेकिन, वे 2010 के एडिशन में गोल नहीं कर सके। ह्यूस्टन स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया। रोनाल्डो ने अपना



पहला वर्ल्डकप गोल 2006 में 21 साल की उम्र में किया था। उनके नाम सबसे ज्यादा 145 इंटरनेशनल गोल हैं। रोनाल्डो 230वां इंटरनेशनल मैच खेल रहे थे। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल दागा। इसी के साथ वे पुर्तगाल के लिए वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले प्लेयर भी बन गए। उन्होंने यूसेबियो के 9 गोल के रिकार्ड को पीछे छोड़ा। मैच में रोनाल्डो के अलावा, नूनो मेंडेस (17वें मिनट) और राफेल लेओ (87वें मिनट) ने गोल किया। 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोहिद नेमातोव से बॉल टकराकर गोल में चली गई। इसे ओन गोल माना गया। मौजूदा टूर्नामेंट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2 गोल हो चुके हैं। वे पहले मैच में डीआर कांगो के खिलाफ गोल नहीं कर सके थे। मैच की शुरुआत से ही पुर्तगाल अटैकिंग दिखा। चौथे मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर रोनाल्डो मौका चूक गए, लेकिन दो मिनट बाद उन्होंने गलती नहीं दोहराई। जोआओ कैंसिलो के लो क्रॉस पर रोनाल्डो ने शानदार राइट-फुटेड शॉट लगाकर गेंद को नेट में पहुंचाया।

## ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराना पड़ेगा, टूर्नामेंट से 4 टीमें बाहर हो चुकीं

# विमेंस वर्ल्डकप में भारत का सेमीफाइनल पहुंचना मुश्किल

नई दिल्ली। विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-A का समीकरण पूरी तरह बदल गया है। मंगलवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में उसकी पहली हार दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158/7 रन बनाए थे। आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने टारगेट हासिल कर लिया। स हार के बाद भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। टीम को अब अपने बाकी दोनों मुकाबले बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतने ही होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान, नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।



साउथ अफ्रीका से मिली हार के बाद भारत की राह कठिन हो गई है। उसे टॉप-4 में पहुंचने के लिए आगे के दोनों मैच जीतने होंगे। टीम इंडिया अगला मैच 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 28 जून को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम अपने दोनों मैच जीत लेती है और उसका नेट रन रेट ऑस्ट्रेलिया या फिर साउथ अफ्रीका से बेहतर रहता है, तो टीम 8 अंक के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। अभी भारत का नेट रन रेट साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश से बेहतर है।2 में से एक मैच हारने की स्थिति में भारत 6 अंक तक ही पहुंच सकेगा। ऐसे में उसे ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के एक मैच हारने की दुआ करनी होगी। साथ ही अपना नेट रन रेट दूसरी टीमों से बेहतर रखना होगा।

पाकिस्तान पर जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है। टीम ने अब तक खेले चारों मैच जीते हैं और 8 अंकों के साथ ग्रुप-ए में टॉप पर है। उसका नेट रन रेट भी सबसे बेहतर (+4.724) है। ऑस्ट्रेलिया को लीग स्टेज में अपना आखिरी मुकाबला 28 जून को भारत के खिलाफ खेलना है।

### साउथ अफ्रीका की स्थिति भारत जैसी

साउथ अफ्रीका की स्थिति भारत जैसी है। उसे भी टॉप-4 में पहुंचने के लिए अगले दोनों मैच जीतने होंगे। हालांकि, साउथ अफ्रीका के मुकाबले अपेक्षाकृत कमजोर टीमों के साथ होने हैं। ऐसे में उसके आगे निकलने के चांस ज्यादा हैं। उसे आखिरी 2 मैच नीदरलैंड (25 जून) और बांग्लादेश (28 जून) के खिलाफ खेलने हैं।

फिलहाल, साउथ अफ्रीका की टीम के 3 मैचों में 2 जीत और 4 पॉइंट्स हैं। उसने पाकिस्तान और भारत को हराया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 65 रन की बड़ी हार के कारण उसका नेट रन रेट -0.546 है।

### पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। उसके पास सबसे ज्यादा 8 अंक हैं। भारत दूसरे, साउथ अफ्रीका तीसरे और बांग्लादेश चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान और नीदरलैंड टॉप-4 की रेस से बाहर हो चुकी हैं।

वहीं, ग्रुप-बी में मेजबान इंग्लैंड 6 अंक के साथ टॉप पर है। वेस्टइंडीज के पास भी 6 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट कम होने की जगह से दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड और श्रीलंका 4-4 अंक लेकर तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। स्कॉटलैंड और आयरलैंड इस ग्रुप से एलिमिनेट हो चुकी हैं।

## मनोरंजन

## मिर्जापुर की 'गद्दी' के लिए फिर खून की होली खेलेंगे कालीन भैया

# पंकज त्रिपाठी के पोस्टर ने मचाया भौकाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेजन प्राइम वीडियो पर क्राइम ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' ने तो भौकाल मचाया ही था, लेकिन अब 'गद्दी' हथियाने की यह लड़ाई बड़े पर्दे तक पहुंच चुकी है। मिर्जापुरः द मूवी इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है, जिसमें एक बार फिर से कालीन भैया की 'मिर्जापुर' की गद्दी पर राज करने के लिए एक बार फिर से खून की होली खेली जाएगी।

मिर्जापुरः द मूवी के पहले पोस्टर के साथ मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज की डेट का ऐलान किया था। अब एक और बड़ा सरप्राइज देते हुए फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म से पंकज त्रिपाठी का पहला





लुक आउट कर दिया है, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता सातवें आसमान पर पहुंचने वाली है। क्राइम ड्रामा फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' को सिर्फ हिंदी ऑडियंस ही नहीं देख पाएगी, बल्कि इसे साउथ में भी रिलीज करने का मेकर्स का प्लान है। यह मूवी 4 सितंबर को हिंदी के अलावा तेलुगु भाषा में भी रिलीज करेंगे। फिल्म में पंकज त्रिपाठी के अलावा फिल्म में अली फजल फिर से गुड्डू भैया बनकर खून खराबा करेंगे, वहीं 'कालीन भैया' के बेटे मुन्ना भैया का भी दबदबा देखने को मिलेगा।

"मिर्जापुर द मूवी से सामने आया कालीन भैया का लुक
पहले से भी ज्यादा इंटेंस होगा पंकज त्रिपाठी का किरदार
कितनी तारीख को होगा मिर्जापुर की गद्दी के लिए महासंग्राम?

### पहले से भी ज्यादा खतरनाक अंदाज में दिखे पंकज त्रिपाठी

मिर्जापुरः द मूवी से सामने आए पंकज त्रिपाठी उर्फ 'कालीन भैया' का ये पोस्टर बहुत ही जबरदस्त और धांसू है, जिसमें अभिनेता सीरीज से भी ज्यादा इंटेंस किरदार में नजर आ रहे हैं। उनके माथे पर लाल टीका लगा हुआ है और लाल रंग के कुर्ते के साथ अभिनेता ने स्टोल लिया हुआ है। इस पोस्टर के में उनकी आंखों में जो इंटेंसिटी देखने को मिल रही है, उससे यह साफ है कि इस बार 'कालीन भैया' की मर्जी के बिना सत्ता तो क्या एक पत्ता भी नहीं हिल सकता।

"मूवी में इन सितारों के अलावा रवि किशन और 'पंचायत' के 'सचिव जी' उर्फ जितेंद्र कुमार भी जुड़ रहे हैं, जिनका 'मिर्जापुर' में रोल देखना बेहद दिलचस्प होगा। फिल्म के निर्देशन की कमान गुरमीत सिंह ने संभाली है, जिन्होंने सीरीज भी डायरेक्टर की थी।

"इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, "जो आया है वो जाएगा, बस मर्जी कालीन भैया की होगी। आपका स्वागत करते हैं बड़े पर्दे पर होगी 'मिर्जापुरः द मूवी'। फिल्म का टीजर कल 12 बजे रिलीज होगा रिमाइन्डर सेट कर लीजिए और सबसे पहले मूवी का टीजर देखिए।"



# शाम कौशल ने बताया किस पर गए हैं पोते विहान के लुक्स

## शाम कौशल ने बहू कटरीना कैफ की जमकर की तारीफ

नई दिल्ली। विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने शादी के चार साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया था। 7 नवंबर को एक्ट्रेस ने बेटे विहान को जन्म दिया था। अब हाल ही में विक्की के पिता और दिग्गज एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल ने बताया कि विहान के आने से उनकी जिंदगी में क्या-क्या बदलाव आए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि विक्की या कटरीना, विहान की शक्ल किस पर गई है। 70 साल के एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल ने हाल ही में इंडिया टुडे से खास बातचीत करते हुए विहान के साथ बिताए पलों के बारे में दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, उसने मेरी जिंदगी बदल दी।

### मेरी बहू बहुत अच्छी है- शाम कौशल

शाम कौशल ने परिवार के मामले में खुद को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा, रदुनिया में कई माता-पिता हैं, जो बहुत ही ब्लेस्ड हैं कि उनके बच्चे हमेशा साथ रहते हैं, मैं भी उन्हीं में से एक हूं। मैंने अपने जीवन में कभी भी ये इमेजिन नहीं किया था। मेरे दो प्यारे-प्यारे बच्चे हैं और मेरी बहू ही बहुत ही अच्छी है, जिसके लिए मैं भगवान को शुक्रिया अदा करता हूं।



## अक्षय कुमार ने भोजपुरी से की हॉलीवुड की तुलना

नई दिल्ली। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय इन दिनों अपकमिंग फिल्म वेलकम टू द जंगल के चलते सुर्खियों में हैं। मंगलवार को फिल्म का सॉन्ग रिलीज इवेंट रखा गया था, जिसमें अक्षय ने भोजपुरी की तुलना हॉलीवुड से की और इसे हॉलीवुड से बेहतर बताया है।

अक्षय ने कहा है, 'भोजपुरी, हॉलीवुड से बेहतर है। ये लाइन मैंने ही दी है। क्योंकि वो लोग ये गाना सुन ही नहीं सकते। उन्हें कुछ समझ ही नहीं आएगा। उन्होंने कभी गाने ही नहीं देखे। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारे इतने कल्चर हैं। हमारे इतने कल्चर में गाने बनते हैं।'

इस दौरान अक्षय कुमार ने फिल्म की बड़ी स्टारकास्ट पर भी रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा, 'एक फिल्म आई थी 3 इडियट्स, बहुत बड़ी हिट थी। ये 32 इडियट्स हैं तो कुछ भी हो सकता है।'

सॉन्ग लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार से पूछा गया था कि उनके लिए फेम जरूरी है या पैसा।

# विदेशों में कॉकटेल 2 ने बजा दिया डंका

## मंगलवार को मूवी पर हुई जमकर धनवर्षा

नई दिल्ली। कॉकटेल 2 को समीक्षकों से भले ही कैसी भी प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन इस फिल्म की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है। 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई रश्मिका मंदाना, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रॉम-कॉम ड्रामा फिल्म 'कॉकटेल 2' दुनियाभर में बहुत ही तेज रफ्तार से दौड़ रही है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर महज 5 दिनों के अंदर मूवी अपने पहले रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच चुकी है। कृति सेनन-शाहिद कपूर स्टारर कॉकटेल 2 जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, पहले दिन फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 20.20 करोड़ की ओपनिंग ली थी। शनिवार को मूवी के कलेक्शन में उछाल आया और सिंगल डे पर मूवी ने 30.75 करोड़ कमाए, जिसके बाद फिल्म का



दो दिन का कलेक्शन 50.95 करोड़ तक पहुंच गया। तीसरे दिन फिल्म के खाते में 25.30 करोड़, सोमवार को 9.53 करोड़ और पांचवें दिन फिल्म ने सिंगल डे पर 9.82 करोड़ तक का बिजनेस किया।

सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहिद कपूर की कॉकटेल 2 का कलेक्शन 95.60 करोड़ तक पहुंच चुका है। अब इस फिल्म को 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए सिर्फ 5 करोड़ का बिजनेस और करना है।

## 20 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत ■ टारगेटेड किलिंग्स के पुख्ता सबूत मिले

# इजराइल ने जानबूझकर फिलिस्तीनी बच्चों को मारा

**दावा**

**न्यूयॉर्क सिटी, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के जांच आयोग ने इजराइल पर गाजा और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी बच्चों को जानबूझकर निशाना बनाने का आरोप लगाया है।

आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 से अब तक 20 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हुई है। 44 हजार से अधिक घायल हुए हैं। इस दौरान कुल मौतों में लगभग 30% बच्चे शामिल रहे।



आयोग के अध्यक्ष और भारत के पूर्व हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीश एस. मुरलीधर ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि जांच में बच्चों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के पुख्ता सबूत मिले हैं। इजराइली सेना मानवता के खिलाफ अपराध और युद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट के अनुसार बच्चों की मौतें हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और स्नाइपर फायरिंग में हुईं। कई मामलों में उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से को निशाना बनाया गया।



■ इजराइली हमले में जान गंवाने वाले 3 वर्षीय बेटे को गोद में लेकर अंतिम संस्कार के लिए पहुंचा पिता। यह तस्वीर अप्रैल में गाजा सिटी की है।

### इजराइल ने रिपोर्ट को खारिज किया

रिपोर्ट सामने आने के बाद इजराइल ने उसे पूरी तरह खारिज कर दिया। जिनेवा में इजराइल के UN मिशन ने रिपोर्ट को बदनाम करने की कोशिश बताते हुए कहा कि जांच आयोग शुरू से ही इजराइल के खिलाफ पक्षपाती रहा है। मिशन का कहना है कि आयोग का मकसद तथ्यों की जांच नहीं, बल्कि हर हाल में इजराइल को कटघरे में खड़ा करना है। इजराइली विदेश मंत्रालय ने भी रिपोर्ट पर सवाल उठाए। मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट में हमास के हमलों में मारे गए और अगवा किए गए इजराइली बच्चों का जिक्र नहीं किया गया।

आयोग के मुताबिक अक्टूबर 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच करीब 58 हजार बच्चों ने अपने एक या दोनों माता-पिता को खो दिया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुपोषण के कारण 151 बच्चों की मौत हुई और एक हजार से ज्यादा बच्चों के अंग काटने पड़े।

### सीजफायर के बाद भी बच्चों की मौत जारी रही

अक्टूबर 2025 में इजराइल और हमास के बीच सीजफायर लागू होने के बाद भी फिलिस्तीनी बच्चों की मौत और घायल होने की घटनाएं जारी रहीं। हालांकि आयोग ने यह नहीं बताया कि युद्धविराम के बाद कितने बच्चे मारे गए। UNICEF ने पिछले हफ्ते दावा किया था कि सीजफायर लागू होने के बाद भी औसतन हर दिन एक फिलिस्तीनी बच्चे की जान गई। UNICEF के प्रवक्ता जेम्स एल्डर के मुताबिक बच्चे अपने घरों, स्कूलों, खेल के मैदानों और यहां तक कि समुद्र किनारे भी मारे गए। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 18 साल से कम उम्र के सभी लोगों को बच्चा माना है। रिपोर्ट के मुताबिक इन बच्चों को 'आतंकवादी या भविष्य का आतंकवादी' मानकर निशाना बनाया गया।

# अडाणी ग्रुप का 1.53 लाख करोड़ का रिकॉर्ड निवेश

## मॉर्गन स्टेनली ने 3,638 का शेयर टारगेट दिया

**मुंबई, एजेंसी**

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने आज 24 जून को ग्रुप की एनुअल जनरल मीटिंग में तीन बुनियादी पहलों का ऐलान किया है। इनका मकसद पूरे ग्रुप में काम करने के तरीके को बेहतर बनाना, एफिशिएंसी बढ़ाना और वर्कफोर्स के वेलफेयर को मजबूत करना है। गौतम अडाणी ने कहा कि ग्रुप भविष्य के आर्थिक और तकनीकी बदलावों के लिए खुद को तैयार कर रहा है। गौतम अडाणी ने AGM में अपना विजन बताते हुए कहा, ₹हम अब उन बहुत कम ग्लोबल कंपनियों में से एक हैं जो भविष्य को लेकर केवल रिएक्ट नहीं कर रही हैं, बल्कि इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप ने लगातार स्क्रूटनी के बावजूद अपना विस्तार जारी रखा है। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग में



ग्रुप ने दुनिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। अडाणी ने ग्रुप को मजबूत करने के लिए जो तीन बड़े प्लान शेयर किए हैं, उनमें पहला कदम ऑर्गेनाइजेशनल स्ट्रक्चर को आसान बनाना है। इसके तहत हेडक्वार्टर और प्रोजेक्ट साइट्स पर 3-लेयर मैनेजमेंट फ्रेमवर्क लागू किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ब्यूरोक्रेसी को कम करना, जवाबदेही को तय करना और यह सुनिश्चित करना है कि हर रोल और प्रोसेस से वैल्यू क्रिएट हो सके।

# सिंधु नदी का पानी न मिलने से पाकिस्तान परेशान

## आर्मी चीफ भारत के खिलाफ जंग की साजिश रच रहे

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु नदी का पानी रोका, तो पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने यह मसला अंतर-राष्ट्रीय कोर्ट में भी लेकिन वहां भी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ। इसके बाद अब रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भारत को जंग छेड़ने की धमकी दे रहे हैं।

वहीं, आर्मी चीफ आसिम मुनीर जंग की साजिश रचने में जुटे हैं। नियंत्रण रेखा यानी LoC पर पाकिस्तानी सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाकिस्तान ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है।



पाकिस्तान ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरुआत में ही मूव कराकर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है। इन्हीं जगहों से पाकिस्तान भारत में आतंकियों की घुसपैठ भी करता रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने पाकिस्तान को 36 मल्टी रोल जे-सीरीज फाइटर जेट की सप्लाई की है। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एफ-35 जेट का चीनी वर्जन जे-35 भी साल के अंत तक पाकिस्तान को मिलने वाला है। इस जेट की टेस्ट फ्लाइट्स हो चुकी हैं।

पाकिस्तान को ड्रोन सप्लाई करने के बाद अब तुर्किये कराची के पास साझा कॉम्बैट ड्रोन असेंबली प्लांट भी लगाया है। यहां हर साल 700 ड्रोन बनेंगे। पाकिस्तान ने इन ड्रोन को बांग्लादेश को एक्सपोर्ट करने का एमओयू भी किया है। तुर्किये पाकिस्तान के लिए मिलजैम क्लास पनडुब्बी भी बना रहा है। पाकिस्तान को पनडुब्बी की साल के अंत तक डिलीवरी भी मिल जाएगी।


## ट्रम्प से सैन्य कार्रवाई रोकने को कहा, पीस डील पर यूएई को मनाने पहुंचे रुबियो

# अमेरिकी सीनेट में ईरान जंग के खिलाफ प्रस्ताव पास

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने ईरान जंग के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है। 50-48 वोटों से मंजूर हुए इस प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए कहा गया है। इससे पहले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में भी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है।

1973 के वॉर पॉवर्स एक्ट के बाद यह पहला मौका है, जब अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों ने किसी राष्ट्रपति से युद्ध जैसी कार्रवाई खत्म करने की मांग की है। वोटिंग के दौरान चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जिससे ट्रम्प की पार्टी के भीतर बढ़ती बागवत भी सामने आई। हालांकि व्हाइट हाउस ने कहा है कि इस प्रस्ताव का कोई कानूनी असर नहीं होगा और अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पहले ही समाप्त हो चुकी है। इसी बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो UAE, बहरीन और कुवैत के दौरे पर पहुंचे हैं। उनका मकसद अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर खाड़ी देशों की चिंताओं को दूर करना है। इन देशों को आशंका है कि समझौते से होर्मुज स्ट्रेट में ईरान का प्रभाव बढ़ सकता है। साथ ही समझौते में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर कोई स्पष्ट शर्त नहीं होने से भी सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही वार्ता में ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर के संभावित फंड पर भी चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि इसमें खाड़ी देशों से आर्थिक सहयोग मांगा जा सकता है। ऐसे में वॉशिंगटन अपने सहयोगी देशों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है।



■ अबू धाबी के अल बतीन एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का UAE में अमेरिका के राजदूत यूसुफ अल ओतैबा ने स्वागत किया।

> ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुआ इस्लामाबाद एमओयू आखिरकार अमेरिका की हार का ऐलान बन गया।



### अमेरिकी मंत्री बोले- ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर टोल नहीं वसूल सकेगा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका किसी भी अंतिम समझौते के तहत ईरान को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलने की इजाजत नहीं देगा। UAE के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। किसी भी देश को अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ते पर टोल या शुल्क वसूलने की इजाजत नहीं है। मुझे भरोसा है कि क्षेत्र के अन्य देश भी इस बात से सहमत होंगे।

वहीं ईरान लगातार कहता रहा है कि होर्मुज स्ट्रेट पर उसका नियंत्रण बना रहेगा। मंगलवार को ईरान और ओमान ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दोनों देश इस मार्ग की देखरेख और जहाजों से सेवाओं के बदले लिए जाने वाले शुल्क पर विचार करेंगे।



### पाकिस्तान बोला- अगले हफ्ते फिर शुरू होगी अमेरिका-ईरान वार्ता

पाकिस्तान ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी स्तर की वार्ता अगले हफ्ते फिर शुरू होगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने इस्लामाबाद में पत्रकारों से कहा, "मेरा अनुमान है कि बातचीत अगले हफ्ते मंगलवार-30 जून से फिर शुरू होगी। हालांकि, सोमवार या बुधवार भी संभावित तारीखें हो सकती हैं।" संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी IAEA के डायरेक्टर-जनरल राफेल मारियानो ग्रोसी ने कहा है कि एजेंसी के इंस्पेक्टर ईरान के परमाणु ठिकानों का दौरा करेंगे। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान इस बात पर अलग-अलग दावे कर रहे हैं कि समझौते के तहत IAEA को जांच की अनुमति दी गई है या नहीं।

### मस्क की नेटवर्थ एक-हफ्ते में रिकॉर्ड 33.13 लाख करोड़ घटी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के कुछ दिनों बाद ही इलॉन मस्क की नेटवर्थ में अब तक की रिकॉर्ड गिरावट आई है। उनकी रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में आई 16% की गिरावट की वजह से मस्क की नेटवर्थ सिर्फ एक हफ्ते में करीब 350 बिलियन डॉलर यानी 33.13 लाख करोड़ रुपए कम हो गई है।

फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स के शेयरों में आई गिरावट के बाद इलॉन मस्क की संपत्ति 1.45 ट्रिलियन डॉलर से घटकर अब 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी 104.15 लाख करोड़ पर आ गई है।

यह गिरावट इतनी बड़ी है कि इसका कुल साइज दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लैरी पेज की टोटल नेटवर्थ लगभग 285 बिलियन डॉलर यानी 26.98 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है।



> ■ यह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति की कुल संपत्ति से ज्यादा स्पेसएक्स का शेयर 16% गिरा

इलॉन मस्क 12 दिन पहले अपनी रॉकेट, सैटेलाइट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी स्पेसएक्स की अमेरिकी बाजार में लिस्टिंग के बाद दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बने थे।

IPO के शुरुआती तीन कारोबारी दिनों में निवेशकों के लगातार निवेश के चलते स्पेसएक्स के शेयर 67% तक उछल गए थे, जिससे कंपनी की वैल्यूएशन 1.8 ट्रिलियन डॉलर (170 लाख करोड़ रुपए) के पार पहुंच गई थी।

### टेलीग्राम 7 दिन बाद चालू, प्ले स्टोर पर वापस आया

नई दिल्ली। इंस्टेंट मैसेजिंग एप टेलीग्राम 7 दिन बाद भारत में फिर से चालू हो गया है। नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (NEET) के नकली और लीक पेपर सर्कुलेट होने के विवाद के बाद केंद्र सरकार ने एप और उससे जुड़ी वेब सर्विसेज को 22 जून तक ब्लॉक कर दिया था।

21 जून को NEET री-एग्जाम होने के बाद एप पर लगा अस्थायी प्रतिबंध खत्म हो गया है। इसके बाद 23 जून की सुबह से एप गूगल प्ले स्टोर पर दोबारा दिखने तो लगा, लेकिन कई यूजर्स ने एप डाउनलोड नहीं हो पाने की शिकायत की।

वहीं, कुछ यूजर्स ने कहा कि 'एप डाउनलोड करने के बाद वे साइन अप नहीं कर पा रहे हैं या चैट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। कुछ मामलों में यह समस्या जियो और एयरटेल दोनों नेटवर्क के यूजर्स हुई। वहीं, आईफोन यूजर्स के लिए टेलीग्राम एप स्टोर पर अवेलेबल नहीं था।



### ट्रम्प बोले- ईरान झुकने को तैयार, सीनेट के वोट ने मुश्किल बढ़ाई

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि ईरान इस समय कमजोर स्थिति में है और समझौते के लिए लगभग हर शर्त मानने को तैयार है। उन्होंने कहा कि कई दशकों में पहली बार ईरान अमेरिका और उसके राष्ट्रपति का इतना सम्मान कर रहा है। ट्रम्प ने अमेरिकी सीनेट में हुए 'वॉर पावर्स एक्ट' से जुड़े मतदान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह मतदान गलत समय पर और बेकार था। इससे दुनिया के सबसे बड़े आतंकवाद समर्थक देश को यह संदेश गया कि अमेरिका मेरी नीति से सहमत नहीं है और मुझे कार्रवाई रोकनी चाहिए। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि चार रिपब्लिकन सीनेटरों ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ मिलकर वोट दिया, जिससे उनके लिए ईरान के साथ बातचीत करना और मुश्किल हो गया है।

### अमेरिकी मंत्री बोले- ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर टोल नहीं वसूल सकेगा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका किसी भी अंतिम समझौते के तहत ईरान को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलने की इजाजत नहीं देगा। UAE के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। किसी भी देश को अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्ते पर टोल या शुल्क वसूलने की इजाजत नहीं है। मुझे भरोसा है कि क्षेत्र के अन्य देश भी इस बात से सहमत होंगे।

> ■ वहीं ईरान लगातार कहता रहा है कि होर्मुज स्ट्रेट पर उसका नियंत्रण बना रहेगा। मंगलवार को ईरान और ओमान ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दोनों देश इस मार्ग की देखरेख और जहाजों से सेवाओं के बदले लिए जाने वाले शुल्क पर विचार करेंगे।

## अलर्ट : न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद करना पड़ा हीटवेव की चपेट में 26 यूरोपीय देश

# फ्रांस में गर्मी से 58 लोगों की मौत

**पेरिस, लंदन, मैड्रिड, एजेंसी**

फ्रांस में गर्मी के कारण 58 लोगों की मौत हो गई। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने मंगलवार को बताया कि गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में उतरने के दौरान पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है। इनमें ज्यादातर युवा शामिल हैं। इसके साथ ही, 2 बच्चों समेत 18 लोगों की गर्मी में लू के चलते मौत हो गई। हीटवेव के चलते फ्रांस में गोलफेश न्यूक्लियर पावर प्लांट को सोमवार रात बंद करना पड़ा। इसकी वजह यह है कि प्लांट को ठंडा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली गारोन नदी का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। फ्रांस, स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से ज्यादातर देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के करीब है। यह म्यूजिक फैसटीवल हर साल पूरे फ्रांस में आयोजित होता है। इसमें लाखों लोग सड़कों पर उतरकर हिस्सा लेते हैं। सरकार को आशंका थी कि अत्यधिक गर्मी में शराब का सेवन लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा सकता है। इसलिए रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में यह प्रतिबंध लागू किया गया। फ्रांस की मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने सोमवार को कहा कि मौजूदा हीटवेव की गंभीरता अगस्त 2003 की गर्मी से काफी मिलती-जुलती है। 2003 में फ्रांस में 16 दिनों तक चली भीषण हीटवेव के कारण करीब 15 हजार लोगों की मौत हो गई थी। इसे यूरोप के इतिहास की सबसे घातक गर्मी की घटनाओं में गिना जाता है।





> मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार के लिए रेड एक्सट्रीम हीट वॉर्निंग जारी की है। यह चेतावनी तब जारी की जाती है जब गर्मी लोगों के स्वास्थ्य, परिवहन और जरूरी सेवाओं पर गंभीर असर डाल सकती है। ब्रिटेन में ट्रॉपिकल नाइट्स की स्थिति बनने की आशंका है। यानी रात में भी तापमान 20डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जाएगा।

### फ्रांस में पब्लिक में शराब पीने पर रोक लगी

फ्रांस में सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। मौसम एजेंसी ने बताया कि सोमवार रात देश ने 1947 में रिकॉर्ड शुरू होने के बाद की सबसे गर्म रात दर्ज की। कई हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। भीषण गर्मी के कारण 1,350 से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गर्मी के कारण सरकार ने 'फेत द ला म्यूजिक' नामक वार्षिक म्यूजिक फैसटीवल के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया।

### तीन ब्रिटिश-पाकिस्तानी भाइयों ने किया बच्चों और महिलाओं का यौन शोषण

**लंदन, एजेंसी**

किलर उपनाम वाले एक ब्रिटिश पाकिस्तानी व्यक्ति और उसके दो छोटे भाइयों को उत्तरी इंग्लैंड में चार बच्चों और एक महिला के यौन शोषण और दुष्कर्म के मामले में बीस साल बाद कुल 40 साल की कैद की सजा सुनाई गई है।

शेफील्ड निवासी 41 वर्षीय अमर इल्यास, 39 वर्षीय कमर इल्यास और 38 वर्षीय कमरान इल्यास को इस वर्ष की शुरुआत में समाप्त हुई कानूनी कार्यवाही के दौरान दुष्कर्म समेत कई यौन अपराधों का दोषी पाया गया।

सोमवार को इस तिकड़ी को शेफील्ड क्राउन कोर्ट में क्रमशः 27 साल, 10 साल और 3 साल की सजा सुनाई गई। ब्रिटेन के क्राउन प्रासिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) के विशेष अभियोजक मार्टिन मैकरोब ने कहा, ₹अब उन्हें उनके भयानक और घृणित शिकारी अपराधों के लिए जिम्मेदार



ठहराया है। उन्होंने कहा, भाइयों उमर इल्यास, कमर इल्यास और कमरान इल्यास ने एक युवा लड़की को शराब और ड्रग्स देकर उसकी कमजोरियों का फायदा उठाकर उसे यौन शोषण का शिकार बनाया, जिससे उसे गंभीर और जीवनभर का नुकसान हुआ।

उन्होंने कहा, अमर इल्यास ने चार अन्य युवा लड़कियों को लक्षित किया और उन्हें सबसे दुष्कर्म और यौन हमलों का शिकार बनाया।₹ ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने कहा कि उसके अधिकारी अमर इल्यास को खोजने और गिरफ्तार करने के लिए जांच कर रहे हैं, जो अदालत की जमानत पर पाकिस्तान भाग गया था और सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ।

तमसा संकेत
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676